हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार 27 अप्रैल 2026

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

## सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026

### प्रथम उपहार 1 कार



द्वितीय उपहार
3 नग बाईक



तृतीय उपहार
10 नग LED TV



चतुर्थ उपहार
5 नग फ्रीज



पांचवा उपहार
8 नग वासिंग मशीन



छठवां उपहार
15 नग गैस चूल्हा



सातवां उपहार
25 नग सिलिंग फैन



आठवां उपहार
40 नग ट्राली बैग



नवां उपहार
500 नग हॉट पॉट



दसवां उपहार
600 नग लंच बाक्स



ग्यारहवां उपहार
प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार



**नियम एवं शर्तें :-** ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन ) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें

हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर
फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740

**खबर संक्षेप**

## 48 घंटे में 5 हत्याओं पर आप ने उठाए सवाल

**भिलाई।** दुर्ग जिले में बीते 48 घंटों के भीतर हुई 5 हत्याओं ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र के करहीडीह में एक युवक की पत्थर से कुचलकर हत्या और बापूनगर में टंगिया से वार कर की गई। इन घटनाओं से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। आम आदमी पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही पुलिस प्रशासन ने अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं किया और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो पार्टी जनता के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेगी। जसप्रीत सिंह ने कहा कि खुर्सीपार में हुई हत्या को समय रहते रोका जा सकता था। आम आदमी पार्टी ने पुलिस प्रशासन पर कई आरोप लगाए हैं।

## अनिल कांग्रेस व्यापार विभाग के बने प्रदेश उपाध्यक्ष

**दुर्ग।** कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने अनिल ताम्रकार को व्यापार विभाग का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त है। यह नियुक्ति उनके संगठन के प्रति समर्पण, सक्रियता एवं निरंतर कार्यों को देखते हुए की गई है। इस अवसर पर दुर्ग शहर के पूर्व वरिष्ठ विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर आरन वर्मा, राजकुमार पाली, रमेश श्रीवास्तव, इन्द्रपाल भीटिया, राहुल अग्रवाल, अजय गुप्ता, राजकुमार साहू, गिरधर शर्मा, पृथ्वी चंद्राकर,श्रीशरण डोंगरे, विक्की यादव, सुधीर चंदेल, पिंकी झा, विकास सापेकर, दिलेंद्र सारथी,नंदू मोहबिया एवं समस्त कांग्रेसजनों ने उन्हें बधाई दी है।

## भाजपा अध्यक्ष मिले कैट चेयरमेन से, जाना हालचाल



**दुर्ग।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स दुर्ग जिला इकाई के चेयरमैन और सदर बाजार व्यापारी संघ के अध्यक्ष पवन बड़जात्या पिछले दिनों धमधानाका ओव्हरब्रिज में सड़क हादसे में घायल हो गए थे। बड़जात्या से मिलने रविवार को भाजपा के अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक उनके निवास पहुंचे। घटना के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर भाजपा नेता तेखन सिन्हा, संदीप जैन सहित अन्य मौजूद थे।

# दुर्ग सहित संभाग के 7 जिलों में बढ़ेगी दलहन, तिलहन और मक्का की खेती

**कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में लिया गया निर्णय**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

क्षेत्रीय कृषि प्रसार एवं प्रशिक्षण संस्थान रुआबांधा के प्रशिक्षण हॉल में कृषि उत्पादन आयुक्त एवं प्रमुख सचिव कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग शहला निगार की अध्यक्षता में दुर्ग संभाग की रबी 2025-26 की प्रगति एवं खरीफ 2026 के कार्यक्रम निर्धारण संबंधी संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संभाग आयुक्त एसएन राठौर, संचालक कृषि राहुल देव, एमडी मार्कफेड जितेन्द्र शुक्ला, प्रबंध संचालक बीज निगम अजय अग्रवाल, संचालक उद्यानिकी लोकेश चन्द्राकर, प्रबंध संचालक मण्डी बोर्ड महेन्द्र सवन्नी, अश्वनी बंजारा, सीबी लोण्डेकर, विकास मिश्रा, अभिजीत सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती निगार ने रबी 2025-26 में दुर्ग संभाग के दलहन, तिलहन क्षेत्र विस्तार में उल्लेखनीय वृद्धि के लिए सराहना किया। उन्होंने आने वाले वर्षों में ग्रीष्मकालीन धान को हतोत्साहित कर दलहन, तिलहन, मक्का एवं अन्य फसलों के रकबा को बढ़ाने के निर्देश दिये। आगामी खरीफ 2026 में धान के स्थान पर अन्य उपयुक्त वैकल्पिक फसल जैसे सुगंधित धान, अरहर, मक्का, सोयाबीन, कपास, साग-सब्जी इत्यादि फसलों को प्रोत्साहित करते हुए सभी जिले में न्यूनतम धान की एक निर्यात योग्य विशिष्ट गुण/सुगंधित किस्म का क्लस्टर में अधिक से अधिक क्षेत्र विस्तार करने के निर्देश दिये।

### इस साल 60 हजार क्विंटल से ज्यादा का उत्पादन

समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि पीएम आशा योजनांतर्गत दलहन, तिलहन खरीदी में राज्य के अन्य संभाग की तुलना में दुर्ग संभाग में सर्वाधिक लगभग 60,000 क्विंटल उपार्जन किया गया है। कृषि उत्पादन आयुक्त ने किसानों के मांग के आधार पर पी.एम. आशा योजना के पंजीयन तिथि में वृद्धि की जानकारी देते हुए किसानों के अधिक से अधिक उपार्जन करने तथा समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक में उर्वरकों के समान एवं संतुलित वितरण सुनिश्चित करने के लिए आगामी खरीफ 2026 हेतु लागू की जाने वाली नवीन ई-उर्वरक वितरण प्रणाली के संबंध में व्यापक चर्चा किया गया।



### डीएपी के वैकल्पिक उर्वरकों को दिया जाएगा बढ़ावा

बैठक में जानकारी दी गई कि डीएपी के वैकल्पिक उर्वरकों नैनो डीएपी, एनपीके, एसएसपी, टीएसपी इत्यादि वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग बढ़ावा दिया जा रहा है। नील हरित काई धान फसल में नाइट्रोजन का बहुत अच्छा वैकल्पिक स्त्रोत है। बीज निगम के प्रक्षेत्र रूआबांधा, दुर्ग में उपलब्ध 40 पक्के टांके में से प्रथम चरण में 5 पक्के टांके में नील हरित काई का उत्पादन किया जा रहा है। इस संबंध में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की गयी। कृषि उत्पादन आयुक्त एवं राज्य स्तरीय अधिकारियों द्वारा इसका अवलोकन किया गया एवं नील हरित काई उत्पादन की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए नये टांके में उत्पादन हेतु कल्चर डाला गया। उत्पादित नील हरित काई का उपयोग चयनित किसानों के खेतों में प्रगुणन पश्चात धान के खेतों में किया जाएगा।

**कांग्रेस की पोल खोल व रैंडम छत्तीसगढ़ आईडी के खिलाफ शिकायत, उग्र आंदोलन की चेतावनी**

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के फेक और एआई आधारित वीडियो को लेकर बवाल, एसपी को 2 दिन का अल्टीमेटम

**पाटन, अहिवारा, भिलाई सहित अन्य जगहों पर समर्थकों का प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सोशल मीडिया में एआई आधारित आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने के बाद दुर्ग जिले का सियासी पारा चढ़ गया है। पाटन, अहिवारा, पाटन, भिलाई सहित जिला मुख्यालय में रविवार को उनके समर्थकों और कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों ने विरोध दर्ज कराया। उन्होंने इस वीडियो को लेकर लिखित शिकायत पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल को दी।

साथ ही मांग की कि दो दिन के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए। अन्यथा संगठन को उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान अध्यक्ष राकेश ठाकुर, धीरज बाकलीवाल, मुकेश चंद्राकर, पूर्व विधायक अरुण वोरा सहित अन्य मौजूद थे। कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर प्रसारित किए जा रहे फेंक एवं आपत्तिजनक एआई जनरेटेड वीडियो को लेकर कड़ा विरोध दर्ज करते हुए पुलिस प्रशासन से तत्काल एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।



### कड़ी कानूनी कार्रवाई न हुई तो सड़क पर उतरेंगे कांग्रेसी

पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि इंस्टाग्राम आईडी संचालकों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने, दोषियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करते हुए कड़ी कानूनी कार्रवाई करने, आपत्तिजनक वीडियो को तत्काल हटाकर संबंधित आईडी को स्थायी रूप से प्रतिबंधित करने तथा भविष्य में इस प्रकार के फेक एवं एआई जनरेटेड दुष्प्रचार पर रोक लगाने हेतु ठोस कदम उठाए जाने की मांग की है साथ ही चेतावनी दी है कि यदि इस गंभीर मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो पार्टी कार्यकर्ता जनआंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### एसएसपी ने दिया त्वरित कार्रवाई का आश्वासन

मुकेश चंद्राकर ने भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है और प्रदेश के गृहमंत्री बंगाल चुनाव प्रचार में व्यस्त है। इधर एसपी दुर्ग विजय अग्रवाल ने 2 दिवस के अंदर कार्यवाही का आश्वासन के बाद कांग्रेसी शांत हुवे वही कांग्रेस की ओर से कहा गया कि 2 दिन के भीतर कार्यवाही नही हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर धर्मेंद्र यादव, नीरज पॉल, आरएन वर्मा, कृष्णा चंद्राकर, संजय कोहले, राजेश साहू, सीजू एंथोनी, कैलाश नाहटा, देवेंद्र देशमुख, संतोष बाफना, अब्दुल गनी, ओमप्रकाश जोशी, राहुल शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

### पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक वीडियो, कांग्रेसी पहुंचे पाटन थाना

**पाटन।** नगर कांग्रेस कमेटी पाटन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने रविवार को थाना पाटन, जिला दुर्ग पहुंचकर सोशल मीडिया पर वायरल आपत्तिजनक वीडियो के संबंध में थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री के विरुद्ध एक भ्रामक एवं आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित किया जा रहा है, जिससे उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास हो रहा है तथा आम जनमानस में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। कांग्रेसजनों ने संबंधित वीडियो का लिंक भी पुलिस प्रशासन को सौंपते हुए मांग की कि वीडियो अपलोड करने एवं वायरल करने वाले व्यक्तियों की तत्काल पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो नगर कांग्रेस कमेटी पाटन उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। आभाष दुबे, मनोज कुर्रे, गोपाल देवांगन, मोती बघेल, बिरेंद्र कौशिक, मन्नू पेंडारिया, दीपक यादव, पुरुषोत्तम कश्यप, लीलाधर वर्मा, प्रदीप देवांगन, तरुण बिजोर और मनीष देवांगन शामिल थे।



# शहर का कचरा उरला में हो रहा डंप, लोग परेशान शिकायत का असर नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर के उरला क्षेत्र में नगर निगम की लापरवाही अब लोगों के लिए अभिशाप बनती जा रही है। लगातार पूरे शहर का कचरा डंप किए जाने से पूरा इलाका गंदगी और बदबू की चपेट में है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि यहां रहना तक मुश्किल होता जा रहा है और बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। करीब 10 हजार की घनी आबादी वाले इस क्षेत्र के नागरिकों की शिकायत पर पूर्व विधायक अरुण वोरा मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

लोगों ने उन्हें बताया कि बार-बार शिकायत के बावजूद निगम प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।वोरा ने कहा कि स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण हर नागरिक का अधिकार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उद्देश्य केवल



समस्या उठाना नहीं, बल्कि उसका स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है।वोरा ने उम्मीद जताई कि प्रशासन इस विषय को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही उचित कचरा प्रबंधन व्यवस्था सुनिश्चित करेगा, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। इस संबंध में पार्षद सरस नीलमरकर ने भी प्रशासन से आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया है।

## 3 मई को नीट की परीक्षा, केंद्रों में मोबाइल, गैजेट्स प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आगामी 3 मई को होने वाली नीट (एनईईटी) परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा के लिए जिला समन्वयकों और केंद्र अधीक्षकों की बैठक ली।

■ कलेक्टर अभिजीत सिंह ने बैठक लेकर की समीक्षा

बैठक के दौरान कलेक्टर ने परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा केंद्र के भीतर किसी भी प्रकार की अनैतिक गतिविधियों को रोकने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएं और अभ्यर्थियों की गहन जांच सुनिश्चित की जाए। अभ्यर्थियों को किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए रिपोर्टिंग समय से कम से कम 2 घंटे पहले केंद्र पर पहुंचने की सलाह दी गई है। बैठक में परीक्षा केंद्र के भीतर वर्जित वस्तुओं की विस्तृत सूची साझा करते हुए



अवगत कराया गया कि किसी भी परिस्थिति में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, इयरफोन, पेजर, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर और पेन ड्राइव ले जाना सख्त मना है। इसके अतिरिक्त, स्टेशनरी मदों में ज्यामिति या पेंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, लिखने के पैड, स्केल, इरेज़र और किसी भी प्रकार की लिखित सामग्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। व्यक्तिगत सामान जैसे वॉलेट, हैंडबैग, बेल्ट, टोपी, बड़े चश्मे और किसी भी प्रकार के आभूषण या धातु की वस्तुएं पहनकर आने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षार्थियों को यह भी सूचित किया गया है कि वे अपने साथ पेन न लाएं, परीक्षा केंद्र पर पारदर्शी पेन उपलब्ध कराए जाएंगे। खाद्य पदार्थ और पानी की बोतलें (पारदर्शी बोतल को छोड़कर) भी प्रतिबंधित हैं। कलेक्टर ने कहा कि यदि कोई अभ्यर्थी इन प्रतिबंधित वस्तुओं के साथ पाया जाए, तो उसे अनफेयर मीन्स (अनुचित साधन) का दोषी मानते हुए उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## पश्चिम बंगाल से लौटे मंत्री गजेन्द्र आज दुर्ग में करेंगे लोगों से जनसंवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार से केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव लौट आए हैं। वे आज सोमवार को दुर्ग के गंजपारा स्थित कार्यालय में दोपहर 12 बजे से जनदर्शन के लिए बैठेंगे, जहां वे कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनेंगे और निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश देंगे।

■ नागरिकों की समस्याएं सुनेंगे व निराकरण के देंगे निर्देश

मंत्री कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीते 15 दिनों से शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधि-विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव पार्टी के निर्देशानुसार पश्चिम बंगाल के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में सक्रिय रहे। इस दौरान उन्होंने चुनावी जनसंपर्क, रोड शो एवं केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह जी की सभाओं को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने मतदाताओं से सघन संपर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान का आह्वान किया तथा बंगाल में भयमुक्त एवं सुशासन की सरकार बनाने के संकल्प को मजबूत किये। साथ ही, स्थानीय कार्यकर्ताओं में उत्साह एवं ऊर्जा का संचार किये। बंगाल प्रवास से लौटने पर आज दुर्ग के भाजपा कार्यकर्ताओं ने रायपुर विमानतल पर उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवा मोर्चा एवं मंडल स्तर के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने पूरे उत्साह और जोश के साथ मंत्री गजेन्द्र यादव का स्वागत कर उनके नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त किये।

## 30 अप्रैल तक टैक्स जमा कराने का मौका

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा संपत्तिकर जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है। निगम प्रशासन ने कहा है कि निर्धारित तिथि के भीतर कर जमा नहीं करने वाले करदाताओं पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वर्तमान में करदाताओं के पास पेनाल्टी से बचने के लिए केवल 3 दिन का समय शेष है।

निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि 1 मई के बाद पूर्व वर्षों का संपत्तिकर जमा करने पर 17 प्रतिशत तक सरचार्ज अनिवार्य रूप से वसूला जाएगा। इसके साथ ही लंबे समय से बकाया रखने वाले करदाताओं के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई, कुर्की एवं अन्य वैधानिक कार्यवाही भी की जाएगी। करदाताओं की सुविधा एवं अधिकतम वसूली सुनिश्चित करने के लिए निगम के सभी टैक्स काउंटर शनिवार एवं रविवार को भी खुले रहेंगे। साथ ही बकायादारों से कर वसूली के लिए घर-घर अभियान तेज कर दिया गया है। नागरिकों को ऑनलाइन माध्यम से कर भुगतान के लिए भी लगातार प्रेरित किया जा रहा है, ताकि वे समय रहते अपना दायित्व पूरा कर सकें।

## रिसाली में समस्याओं की भरमार, भाजपा मुखरता से उठाएगी मुद्दे

**भिलाई।** बीजेपी मरोदा-पुरैना मंडल की बैठक में स्थानीय मुद्दों को मुखरता से उठाने का निर्णय लिया गया। संगठन की मजबूती और लाभार्थियों से निरंतर संपर्क में रहने मंडल प्रभारी दिनेश देवांगन ने अपील की। मंडल पदाधिकारियों व शक्ति केंद्र प्रमुखों की बैठक वृंदावन नगर डुण्डेरा स्थित गोविंद होटल में हुई। बैठक में मंडल अंतर्गत सभी रिसाली निगम के अंतर्गत वार्डों में स्थानीय मुद्दों को लेकर सक्रिय एवं मुखर रहने के साथ ही केंद्र की मोदी सरकार एवं राज्य की विष्णु देव साय सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से निरंतर संपर्क बनाए रखने का संकल्प लिया गया। इस दौरान मंडल पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र प्रभारियों एवं पार्षदों तथ्य कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रही। दिनेश देवांगन ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राज्य में विष्णु देव साय के नेतृत्व में गरीब, महिला एवं किसानों के हित में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं



संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के माध्यम से पार्टी की विचारधारा को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है। उन्होंने आगामी स्थानीय चुनावों को ध्यान में रखते हुए अभी से रणनीति बनाकर कार्य करने तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर विशेष जोर दिया। मंडल में अध्यक्ष राजू जंघेल, महामंत्री नरेंद्र निर्मलकर, विधायक प्रतिनिधि गोविंद साहू, दीपक सिन्हा, पुनाराम कलिहारी, एम. लक्ष्मण राव, पार्षद खिलेंद्र कुमार चन्द्राकर सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## उपचुनाव के लिए रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिले में होने वाले नगरपालिका उप-निर्वाचन 2026 के लिए रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति की है। यह नियुक्तियां भिलाई और रिसाली नगर पालिक निगम के रिक्त वार्डों में चुनाव कराने हेतु की गई हैं। वार्ड 1 जुनवानी के लिए दुर्ग के आयुक्त सुमित अग्रवाल को रिटर्निंग और उपायुक्त मोहेन्द्र साहू को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर वहीं नपानि रिसाली वार्ड 2 एवं 39 के लिए भिलाई के आयुक्त राजीव पाण्डेय को रिटर्निंग और उपायुक्त नरेन्द्र बंजारे को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर बनाया गया है।



शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिषी
पं.एम.पी. शर्मा
माँ दुर्गा बगुलामुखी उपासक
फीस 251/-
माँ कामख्या बगुलामुखी उपासक विगत चालिस वर्षों से स्थाई तौर पर उपस्थित माँ कामख्या बगुलामुखी की असीम कृपा साधना द्वारा ज्योतिष शास्त्र सम्बन्धित कम्प्यूटर द्वारा जन्मकुण्डली देखते एवं बनाते है। ग्रहों की महादशाओं के शुभ-अशुभ परिणाम आते है। आर्थिक, मानसिक, पारिवारिक, शारीरिक, व्यापार संबंधी कालसर्प दोष, मांगलिक दोष, गृहकलेश, विवाह में बाधा पिशाच दोष, गुप्त शत्रु बाधा, ग्रहण दोष आदि सभी समस्या हेतु पूजा अनुष्ठान बगुलामुखी साधना द्वारा सर्व समस्या हेतु सम्पर्क करें।
विशेष - भक्तगण उच्चाटन, आकर्षण, मस्तिष्क दमन इन बाधाओं से पीड़ित है बगुलामुखी साधना द्वारा समाधान किया जाता है।
समय - सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक शाम 04 बजे से 07 बजे तक
पता : श्री दुर्गा माँ बगुलामुखी ज्योतिष कार्यालय,
धमधा नाका चौक, सुर्या होटल के सामने, दुर्ग (छ.ग.) मो.:8109922001

## निजी स्कूलों पर कार्रवाई नहीं हुई तो डीईओ कार्यालय का घेराव

**दुर्ग।** प्रदेश में निजी स्कूलों की मनमानी और अनियमितताओं के खिलाफ स्कूल शिक्षा विभाग गंभीर नजर आ रहा है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ बजरंग दल द्वारा शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के नाम दुर्ग कलेक्टर को सौंपे गए मांगपत्र को स्कूल शिक्षा विभाग ने संज्ञान में लेते हुए कई मांगों पर अपनी सहमति जताई है और प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है। दुर्ग जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 5 सदस्यीय जांच



टीम का गठन भी कर दिया गया है। इस जांच टीम को छत्तीसगढ़ बजरंग दल द्वारा विद्यार्थी और पालक हितैषी 12 बिंदुओ पर मांगपत्र सौंपा गया है। श्री यादव ने कहा है कि यदि डीईओ निजी स्कूलों के खिलाफ कार्यवाही में कोताही बरतेंगे, तो छत्तीसगढ़ बजरंग दल डीईओ कार्यालय का घेराव करने से पीछे नही हटेगा।

### ये हैं बजरंग दल की मांग

मांगपत्र में अत्यधिक गर्मी के दौरान स्कूल संचालन, फीस वसूली, ड्रेस और किताबों में बदलाव, प्रोजेक्ट के नाम पर आर्थिक दबाव, वार्षिकोत्सव शुल्क, शिक्षकों को कम वेतन देने, स्कूल में प्रवेश के दौरान प्रतिवर्ष डेवलपमेंट फीस वसूली पर विरोध जताया गया है। यह बातें छत्तीसगढ़ बजरंग दल के प्रदेश संयोजक रतन यादव ने शनिवार को दुर्ग में मीडिया से चर्चा में कही। इस दौरान छत्तीसगढ़ बजरंग दल प्रदेश अध्यक्ष गौतम जैन, प्रदेश मंत्री विकास ठाकुर, प्रदेश महाविद्यालय प्रमुख रोहित सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष चंदन राजपूत, प्रदेश सह मंत्री बबलू सिंह, विभाग संयोजक कुशल तिवारी, विभाग सहसंयोजक लक्ष्मण यादव, विभाग गौ रक्षा प्रमुख कुलेश्वर यादव, जिला अध्यक्ष रवि भारती, जिला मंत्री देवाशीष घोष, जिला संयोजक अश्मित साहनी, जिला अध्यक्ष भिलाई विनोद सिंह, नगर मंत्री सर्वजीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रिंस राजपूत, नगर अध्यक्ष अभिषेक कुमार मौजूद रहे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार 27 अप्रैल 2026


**तापमान**
अधिकतम 43.9 डिग्री
न्यूनतम 24.9 डिग्री





# पारा 43.9 डिग्री सेल्सियस, दिनभर लू की चपेट में रही ट्विनसिटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

**बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी, हल्की बूंदाबादी के आसार भी बन रहे**

रविवार को ट्विनसिटी खूब तपा। दिनभर लू चली। शाम 6 बजे के बाद तक गर्म हवाएं नहीं थमी। ट्विनसिटी को पारा 43.9 डिग्री सेल्सियस चला गया। जो सामान्य से 2.5 डिग्री सेल्सियस रहा। मौजूदाहालात यह रही कि सुबह से ही तेज धूप का लोगों को सामना करना पड़ा। दोपहर आते-आते यह चरम सीमा पर पहुंच गया। जिसकी वजह से दिन में सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। मार्केट भी सूना सा दिखाई दिया। शाम 7 बजे के बाद सड़कों और मार्केट में चहल-पहल बढ़ी। मौसम विभाग ने आने वाले तीन दिनों में तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने का अनुमान जताया है लेकिन बंगाल की खाड़ी से नम हवाएं भी आने लगी है। इसलिए छत्तीसगढ़ प्रदेश के कुछ हिस्से में अंधड़, हल्की बूंदाबांदी होने के भी आसार सिस्टम में बनने लगे हैं।

### इस तरह चल रहा है सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी उत्तर प्रदेश और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। दूसरा ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पूर्व झारखंड के ऊपर 0.9 कम ऊंचाई तक विस्तारित है। तीसरा ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मध्य प्रदेश के मध्य भाग में 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### नम हवाओं की वजह से हल्की बारिश के आसार

मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश के दक्षिणी भाग में बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त हवाओं का आगमन प्रारंभ हो चुका है। जिसकी वजह से 27 अप्रैल को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक दो स्थानों पर गरज - चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। जिसकी वजह से प्रदेश में अधिकतम तापमान में हल्की गिरावट संभावित है, किंतु विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। मध्य भाग में ग्रीष्म लहर जैसी स्थिति बने रहने की संभावना है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।

### लू से बचने ये करें उपाय

डॉक्टरों के मुताबिक जितना हो सके पर्याप्त पानी पीएं, भले ही प्यास न लगी हो। मिर्गी, हृदय, गुर्दे या लीवर से संबंधित रोग वाले जो तरल प्रतिबंधित आहार लेते हो, तरल पदार्थ लेने से पहले डॉक्टर से परामर्श लें। हल्के, हल्के रंग के, ढीले सूती कपड़े पहने। ओ.आर.एस. (ओरल रिहाइड्रेशन) घोल, घर का बना पेय लस्सी, (तोरानी चावल) का पानी, नींबू का पानी, छांछ आदि का उपयोग करें। बाहर जाने से बचे, यदि बाहर जाना आवश्यक है, तो अपने सिर (कपड़े/टोपी या छाता) और चेहरे को कवर करें। जहां तक संभव हो किसी भी सतह को छूने से बचें।

## खुर्सीपार पुलिस थाना क्षेत्र की घटना, वृद्ध आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

# आपसी रंजिश के कारण युवक पर वृद्ध ने कुल्हाड़ी से वार कर उतारा मौत के घाट

*आपसी रंजिश के चलते वृद्ध युवक पर कुलहाड़ी मारकर मौत के घाट उतारने का मामला सामने आया है। घटना में पुलिस ने वृद्ध को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि बापू नगर उड़िया बस्ती खुर्सीपार निवासी विक्रम उर्फ फकीरा सोना नामक युवक का मुरली उर्फ मुच्छू से रविवार की सुबह जमकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि मुरली ने अपने घर से कुल्हाड़ी निकाल कर विक्रम के सिर पर चला दिया। घटना में विक्रम सड़क पर पड़ा रहा, आसपास के लोगों की मदद से उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।आरोपी मुरली मौके से फरार हो गया। मुरली और विक्रम का किसी न किसी बात को लेकर हर रोज विवाद हुआ करता था। इससे मुरली काफी परेशान था मौका मिलते ही मुरली ने विक्रम को रास्ते से हटा दिया। मृतक विक्रम प्राइवेट काम करता था। वहीं आरोपी भी मजदूरी करता था। जहां पर घटना हुआ है हमेसा विवाद होता आया है खुर्सीपार पुलिस भी सिर्फ खानापूर्ति की कार्रवाई करती आई है। घटना को अंजाम देने के बाद मुरली फरार हो गया था। सूचना पर खुर्सीपार पुलिस ने ने खोजबीन कर मुरली को पकड़ लिया। शव को पुलिस ने पंचनामा कर उसे पीएम के लिए भेज दिया। खुर्सीपार थाना प्रभारी आनंद शुक्ला ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि एक दिन पहले रात में खुर्सीपार थाना क्षेत्र में चाकूबाजी की घटना भी सामने आई थी। इस मामले में भी पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

**रविवार सुबह मृतक व आरोपी के बीच हुआ था विवाद**

### विवाद की शिकायत पुलिस से की थी पहले


मृतक


आरोपी

स्थानीय लोगों के मुताबिक घटनास्थल में आए दिन किसी न किसी के बात को लेकर विवाद की स्थिति निर्मितव होती रहती थी। इसे लेकर पुलिस को शिकायत की गई थी लेकिन खुर्सीपार पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया और रविवार को बड़ी घटना हो गई। ळेकिन थाना प्रभारी आनंद शुक्ला ने इसे लेकर बताया कि किसी भी प्रकार की कोई शिकायत नहीं की गई थी।

### 48 घंटे में4 हत्या पुलिस की नाकामी

आम आदमी पार्टी जिला कार्यकारणी अध्यक्ष जसप्रीत सिंह ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि 48 घंटे के भीतर जिले में 4 हत्या हो चुका है। जिससे दुर्ग जिला दहला गया है। भाजपा सरकार सरकार में 'जंगलराज' के हालात है। पुलिस की नाकामी से आम जनता खौफ में है। यहां कानून-व्यवस्था की धज्जियां उड़ रही है। जेवरा सिरसा चौकी, खुर्सीपार, सुपेला के घटनाओं ने जिले को झकझोर कर रख दिया है। इन घटनाओं ने पुलिस की पोल खोलकर रख दिया है। जसप्रीत सिंह ने बताया कि खुर्सीपार में हुई हत्या को रोका जा सकता था। मोहल्ले के लोगों ने खुर्सीपार पुलिस से लिखित शिकायत (लक्ष्मणी नारायण वार्ड 44) के लोगों ने थाने में दर्ज कराई थी। उसमें जहां असामाजिक तत्वों द्वारा नशाखोरी, छेड़खानी और जानलेवा धमकी का जिक्र था। पुलिस ने इस कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

### पत्थर पटककर मजदूर की हत्या

जेवरा सिरसा थाना क्षेत्र में ग्राम मटिया बाट बेरला निवासी नारायण निषाद की पत्थर पटकर कर अज्ञात ने हत्या कर शव को ग्राम करहीडीह सांस्कृतिक भवन के पास फेक दिया था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का शिनाख्त कर पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया। चौकी प्रभारी के पठारे ने बताया कि मृतक नारायण निषाद नशे का आदी था, घटनास्थल से मिले सुराग से संदेह जताया जा रहा है कि नशे के कारण विवाद हुआ होगा। बताया जा रहा है कि नारायण के सिर पर पत्थर पटकर हत्या की गई है। घटना शनिवार रात की है। मृतक करहीडीह के एक मकान में किराए लेकर रहता था। यहां रहकर मजदूरी करता था। मृतक के सिर और चेहरे पर चोट के निशान भी पाए गए। मौके पर फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची थी। पुलिस के ने बताया कि मृतक अपनी पत्नी से अलग रहता था। उसकी पत्नी करहीडीह में ही अपने मायके में रहती है। खबर लगने पर परिजन मौके पर पहुंच गए।

# गुरु 777 एप का संचालन करने वाला सटोरिया पाशा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

लंबे समय से ऑनलाइन सट्टा का संचालन करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवक गुरु 777 एप का संचालन कर ऑनलाइन सट्टा चलाया करता था। छावनी पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर खुर्सीपार निवासी इरफान पाशा को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम द्वारा बैकुंठ धाम वाटिका गेट के सामने, कैम्प-2 भिलाई में घेराबंदी इरफान को पकड़ा गया।

संदिग्ध वाहन सीजी 04 एमए 1235 की तलाशी ली गई। जिसमें आरोपी को रंगे हाथ ऑनलाइन सट्टा संचालित करते पकड़ा गया। पुलिस कार,लैपटाप, दो मोबाइल फोन जब्त किया गया है। पुलिस को इरपान पाशा की तलाश लंबे समय से कर रही थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे पकड़ लिया है। पुलिस इरफान के मोबाइल में मिले नंबरों की भी जांच कर रही है। जिसमें पुलिस को कई अह्म सुराग हाथ लगे है। पांच साल पहले इरफान कैसा था अब कैसे है इसकी भी जानकारी जुटाई जा रही है। इरफान जो मोबाइल अपने पास रखा था। उसमें 1500 से अधिक नंबर फोन बुक में होने की जानकारी मिली है। उन नंबरों को भी पुलिस ट्रेस कर रही है।



■ छावनी पुलिस ने लैपटॉप, मोबाइल, कार किया जब्त

### पाशा के करीबियों पर भी शिकंजा

पुलिस सूत्रों के मुताबिक ऑनलाइन सटोरिया इरफान पाशा के करीबियों पर भी शिकंजा कसने की तैयारी में है। छावनी पुलिस को पाशा के करीबियों के कई अहम सुराग हाथ लगे है। उन्हे भी पुलिस पूछताछ के लिए थाने बुला सकती है। इसके अलावा इरफान के साथ जिसका लागातार संपर्क में रहकर ऑनलाइन सट्टे के कारोबार में शामिल है। उनकी भी कुंडली पुलिस खंगाल रही है।

# भाजयुमो की विवादित जिला व मंडल की सूची रद्द

**दागी और एज क्राइटेरिया में फंसने वालों का नाम काटकर फिर से जारी की जाएगी लिस्ट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) भिलाई जिला की जारी की गई जिला और मंडल पदाधिकारियों को सूची को रद्द कर दिया गया है। इस सूची को लेकर पिछले कई दिनों से विवाद चल रहा था। साथ ही साथ भाजपा पर आरोप लग रहे थे कि नई सूची में कई आपराधिक प्रवृत्ति के युवाओं को पद दिया या है। लगातार मीडिया में चल रही खबरों से धूमिल होती पार्टी की छवि को देखते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने जारी भिलाई जिला और मंडल की सूची को रद्द करने का फैसला लिया।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं दुर्ग सम्भाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही ने इसकी जानकारी मीडिया में जारी की है। उन्होंने बताया कि भिलाई जिला भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला मंडल की हाल ही में जारी की गई सूची की घोषणा स्थगित कर दी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन के संज्ञान में यह बात आई है कि जारी की गई सूची में कुछ गंभीर तकनीकी विसंगतियां रह गई थीं। पार्टी की रीति-नीति और सांगठनिक मापदण्डों की पारदर्शिता को अक्षुण रखने के उद्देश्य से वर्तमान सूची की घोषणा स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं दुर्ग सम्भाग प्रभारी पाणिग्रही ने कहा कि जिला मंडल की पिछली सूची में कुछ तकनीकी खामियां पाई गई थीं, जिसे सुधारना आवश्यक है। कार्यकर्ताओं को आश्वस्त करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी हितों को सर्वोपरि रखते हुए, सभी पहलुओं पर पुनः विचार कर एक नई और त्रुटिहीन सूची शीघ्र ही जारी की जाएगी।



■ भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व दुर्ग सम्भाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही ने कहा शीघ्र जारी होगी नई सूची

### आपराधिक रिकार्ड और उम्र की सीमा को देखकर तय की जाएगी नई लिस्ट

भाजपा भिलाई के जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि जल्द ही पदाधिकारियों की नई लिस्ट जारी की जाएगी। जारी लिस्ट में कुछ खामियां पाई गई हैं। भारतीय जनता युवा मोर्चा में पार्टी ने उम्र की सीमा तय की हुई है। पार्टी के सभी मापदंडों को देखकर नई लिस्ट बनाई जाएगी। जल्द ही नई पदाधिकारियों की अधिकृत सूची पार्टी कार्यालय से जारी की जाएगी।

### दागी चेहरों को लेकर मचा था बवाल

भिलाई जिला और मंडल की जो भाजयुमो पदाधिकारियों की सूची जारी की गई थी उसमें कई चेहरे ऐसे थे, जिनके नाम महादेव सट्टा एप और अन्य अपराधिक मामलों में जुड़े पाए गए। साथ ही साथ उनके खिलाफ अभी भी थानों में मामला दर्ज है। भिलाई जिला की सूची की बात करें तो जिला उपाध्यक्ष रवि निगम को बनाया गया था। रवि निगम सुपेल थाना क्षेत्र का निगरानी बदमाश है। इसके खिलाफ कई अपराधिक मामले दर्ज होने से निगरानी बदमाश की फोटो सूची में उसकी फोटो भी लगी है। आनंद सिंह को जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। आनंद का नाम महादेव सट्टा से जुड़ा हुआ है। दुर्ग पुलिस ने इसे झारखंड से गिराफ्तार किया था और ट्रांजिट रिमांड में जेल भेजा था। सिद्धार्थ राव को जिला मंत्री वैशाली नगर बनर बनाया गया था। सिद्धार्थ के खिलाफ एक महीला से मारपीट करने के आरोप में दुर्ग पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मनीष साहू को जामुल का मंडल अध्यक्ष बनाया गया। मनीष के खिलाफ भी जामुल थाने में अपराध दर्ज है। अभय चौबे को सह कोषाध्यक्ष चरोदा मंडल बनाया गया था। अभय ने सरकारी अस्पताल में एक वार्ड ब्वाय के साथ मारपीट की थी। इसे लेकर उसके खिलाफ भी अपराध दर्ज है। सतबीर सिंह को खुर्सीपार मंडल का महामंत्री बनाया गया। उसके खिलाफ झांसे से चेकबुक और एटीएम लेकर बड़ी रकम निकालने पर ठगी का मामला दर्ज है।

# चाकू से हमला करने वालों के खिलाफ अपराध दर्ज

**भिलाई।** चाकूबाजी के मामले में पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायकत के बाद पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कुम्हारी थाना प्रभारी पुरूषोत्तम कुर्रे ने बताया कि कंडरका वार्ड 2 निवासी चन्द्रप्रकाश तिवारी उर्फ मोना को गांव के फरीद अली (बाबे), डिगेश्वर साहू (बंठ) के द्वारा प्राण घातक हमला किया। चंद्रप्रकाश को गंभीर अवस्था में रायपुर एम्स अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया है। घटना 24 अप्रैल की रात का है। ग्राम कंडरका पेट्रोल पंप चक्रधारी ट्रेडर्स के पास मेन रोड पर पीड़ित था। तभी डिगेश्वर साहू , फरीद अली दोनो पहुंचे और उसे बोलने लले गांव के नल को तोडे है। इसकी जानकारी ग्राम पंचायत के लोगो को क्यो बताया कहकर धमकी देने लगे। विवाद करते डिगेश्वर ने पीड़ित के साथ मारपीट कर पकड रखा था। फरीद अली उर्फ बाबे अपने पास रखे चाकु से हत्या करने के लिए पीड़ित सीना, पीठ, सिर में लगातार वार करने लगा। घटना में पेट में सीना के नीचे दाएं तरफ, पीठ, हाथ, सिर में चोट आई है। हमला कर फरीद अली और डिगेश्वर फरार हो गए। एक अन्य घटना में दुर्ग थाना अंतर्गत इंदिरा मार्केट ज्वेलरी शॉप के सुरक्षा गार्ड पर चाकू से हमला किया गया। मामले में पुलिस सीसीटीवी फुटैज खंगाल रही है।







## खबर संक्षेप



### लघु उद्योग भारती का स्थापना दिवस मनाया

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के रसमड़ा में लघु उद्योग भारती, दुर्ग इकाई का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य पर्यावरण अधिकारी एवं वैज्ञानिक अनीता सावंत उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में लघु उद्योगों को पर्यावरण संरक्षण के साथ जोड़कर सतत विकास की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लघु उद्योग भारती दुर्ग इकाई के अध्यक्ष संजय मिश्रा ने की। उन्होंने कहा कि एल. यू. बी. का लक्ष्य छत्तीसगढ़ के प्रत्येक उद्यमी को नीति, तकनीक और बाजार से जोड़कर 'आत्मनिर्भर भारत' के सपने को साकार करना है। वरिष्ठ सदस्य सी.पी. कुशवाहा ने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। आभार प्रदर्शन प्रांतीय कोषाध्यक्ष अनिल बाकलीवाल द्वारा किया गया। समारोह में रसमड़ा, उरला, जोरा-तराई औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिष्ठित उद्योगपतियों एवं व्यवसायियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### पशु चिकित्सक डॉ. भूपेंद्र हुए सम्मानित

**पाटन।** विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ वेटरनरी असिस्टेंट सर्जन एसोसिएशन, रायपुर की ओर से आयोजित



समारोह में डॉ. भूपेंद्र कुमार सिन्हा को "सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस"से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम अंबिकापुर स्थित राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय में संपन्न हुआ। यह सम्मान डॉ. सिन्हा को पशुपालन विभाग, छत्तीसगढ़ में उनके उत्कृष्ट कार्य, विभागीय योजनाओ सफल क्रियान्वयन, पशुओ मे शल्य चिकित्सा,समर्पण एवं निरंतर श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया। उन्होंने पशुधन विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देते हुए विभाग की अपेक्षाओं से बढ़कर कार्य किया है, जिसके लिए उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान दिया गया।

### युवक ने लगाई छलांग

**भिलाई।** एक युवक ने मरोदा ब्रिज के ऊपर से छलांग लगाने का मामला सामने आया है। घटना में युवक की जान बच गई है। शिकायत पुलिस से की गई है।नेवई पुलिस ने बताया कि युवक का शिनाख्त धनोरा निवासी कविश तारक के रूप में हुई है। जो पिछले दो वर्षों से मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहा है।जिसका उपचार जारी है। इसके अलावा छलांग लगाने से शरीर के विभिन्न अंगों में उसे चोट आई है। जिला अस्पताल में उसका ईलाज जारी

## निधन

### कांति नारंग

**भिलाई।** सेक्टर 4 सड़क 6



निवासी कांति नारंग का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 अप्रैल को 12 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे दुर्गा उत्सव समिति बोरिया मार्केट के कोषाध्यक्ष रविंद्र नारंग उर्फ बड़े की पत्नी थीं।

# धमधा में 'गौ सम्मान' रैली के साथ हस्ताक्षर अभियान, सैकड़ों लोगों की भागीदारी

**गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग, देशभर को जोड़कर राष्ट्रीय स्तर पर मुद्दा उठाने की तैयारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा



नगर में गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत भव्य रैली और हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंदिर से हुई, जहां से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, गौ-सेवक और नागरिक रैली में शामिल होकर पूरे नगर में भ्रमण करते हुए गौ माता के सम्मान में जयकारे लगाए। "गौ माता की जय" के नारों से पूरा शहर गूंज उठा और लोगों ने गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग को जोरदार तरीके से उठाया।

रैली के साथ ही हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें सैकड़ों नागरिकों ने भाग लेकर अपना समर्थन दिया। आयोजकों ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से एकत्रित हस्ताक्षरों को शासन-प्रशासन तक पहुंचाया जाएगा, ताकि इस मांग को राष्ट्रीय स्तर पर उठाया जा सके।

इस अवसर पर डी.पी. शर्मा (गौ सेवा अध्यक्ष, धमधा), घनश्याम शर्मा, गणेश यादव, रामजी देवांगन, प्रशांत अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष रमन लाल यादव, योगेश यादव, विकास अग्रवाल, चमन गुप्ता,वामन ताम्रकार, अंकित शर्मा, प्रथम सोनकर, केशव सोनकर, वीर ताम्रकार, हरीश यादव, मुखराज किशोर यादव, नवीन जैन, राजेंद्र ताम्रकार, अंकित शर्मा, दीपक चौहान, पियूष ताम्रकार, सामर्थ ताम्रकार, जिला कांग्रेस प्रवक्ता रजत नायक, देवेंद्र गुप्ता, खेमलाल वर्मा, मोहन पटेल, योगेश यादव, राजकुमार सिन्हा, दिलीप अग्रवाल, ज्ञानेंद्र ताम्रकार, लालू ताम्रकार, दीपक ताम्रकार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। आयोजन ने नगर में गौ संरक्षण और सम्मान को लेकर जनजागरूकता को नई दिशा दी है, वहीं लोगों का बढ़ता समर्थन इसे एक बड़े जनआंदोलन का रूप देता नजर आ रहा है।

## सीएम साय ने 13 नव दंपति को उपहार भेंट कर दिया आशीर्वाद

# साहू समाज का गौरवशाली इतिहास, माता कर्मा ने दिखाई भक्ति में शक्ति : सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

**जामगांव आर में पीएचसी की मांग, सीएम बोले-घोषणा करना जल्दबाजी होगी**





साहू समाज द्वारा पाटन तहसील स्तरीय दो दिवसीय कर्मा जयंती समारोह का भव्य आयोजन भरर में 25 अप्रैल से शुरू हुआ। पहले दिन कलश यात्रा महिला सम्मेलन और दूसरे दिवस रविवार को 13 जोड़ों के सामूहिक विवाह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित कई प्रमुख अतिथियों का आगमन हुआ। समारोह में साहू समाज के 99 ग्रामों के समाजजन एकत्र हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि साहू समाज बड़ा और संगठित समाज है साहू समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। भक्ति में शक्ति होती है तभी तो भक्त माता कर्मा की खिचड़ी खाने भगवान को आना पड़ा। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह के माध्यम से कम खर्च में परिणय बंधन कराना समाज की दूरदृष्टिमय सकारात्मक सोच को दर्शाता है जो सर्व समाज के लिए प्रेरणादायी है।

प्रथम दिवस महिला सम्मेलन मुख्य अतिथि रमशीला साहू (पूर्व कैबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन) थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिव्या कलिहारी (महिला संयोजिका, प्रदेश साहू संघ) ने की। अतिविशिष्ट अतिथियों में जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक, चंद्रिका साहू (प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य), मंजू साहू (उपाध्यक्ष, जिला साहू संघ दुर्ग), ललेश्वरी साहू (महिला संयोजिका, जिला साहू संघ दुर्ग), दामिनी साहू (सदस्य जनपद पंचायत पाटन) एवं कौशल्या साहू (सरपंच, ग्राम पंचायत भरर)मंचासिन रही। महिला सम्मेलन का संचालन आरती साहू उपाध्यक्ष परिक्षेत्र तेली गुंडरा ने किया। सम्मेलन में वक्ताओं ने शिक्षा संस्कार सामंजस्य को विकास का आधार बताया।

### पूर्व मुख्यमंत्री बघेल भी हुए शामिल, सांस्कृतिक कार्यक्रम ने बांधा समा

रविवार को सुबह 10:00 बजे मां कर्मा की महाआरती एवं वैवाहिक संस्कार प्रारंभ हुए। दोपहर 12:00 बजे प्रथम सत्र में मां कर्मा महोत्सव, दानवीर भामाशाह जयंती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ इस सत्र के मुख्य अतिथि भूपेश बघेल (पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक, पाटन) रहे, जबकि प्रमुख अतिथि ताम्रध्वज साहू (पूर्व कैबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन) थे। अध्यक्षता नंदलाल साहू (अध्यक्ष, जिला साहू संघ दुर्ग) ने की। अतिविशिष्ट अतिथियों में राजेश साहू, सुनील साहू, शशिकांत साहू एवं कृष्णा साहू शामिल रहे। 13 जोड़े का परिणय संस्कार एवं पाणिग्रहण महंत पंचम दास साहेब शास्त्री, परसोदा (डंगानिया) ने कराया। शाम को द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय) रहे। अध्यक्षता डॉ. नीरेंद्र साहू (अध्यक्ष, प्रदेश साहू संघ रायपुर) रहे। अतिविशिष्ट अतिथियों में सांसद विजय बघेल मंचासिन रहे। वहीं दीपक साहू (पूर्व अध्यक्ष हस्तशिल्प बोर्ड, जितेन्द्र साहू अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड, कल्पना नारद साहू (सभापति जि.पं. दुर्ग), रामकुमार चन्द्राकर सदस्य जनपद पंचायत पाटन,भानुप्रिया साहू और त्रिवेणी साहू सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। साथ ही मनोरंजन के लिए संस्कृतिक कार्यक्रम लोक गायक की अनुपम प्रस्तुति रही। तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू के नेतृत्व में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उपाध्यक्ष डूलेश्वर साहू, विमला साहू, संगठन सचिव सुरेंद्र साहू, भुनेश्वरी साहू,महासचिव महेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष नारद साहू,कल्पना साहू सहित परिक्षेत्र के अध्यक्षगण सहित परिक्षेत्र के अध्यक्ष गण गायत्री साहू,पारखत साहू, टेसराम साहू, रामनरायण साहू, किशन हिरवानी इकाई अध्यक्ष भरर परमानंद साहू भानुप्रिया साहू , कृष्णकुमार साहू,छन्नूलाल साहू एवं समस्त कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। आयोजन को सफलतम मूर्त रूप देने में तहसील साहू संघ पाटन, परिक्षेत्रीय साहू संघ जामगांव आर एवं स्थानीय साहू समाज भरर के संयुक्त टीम ने सार्थक भूमिका अदा की। अतिथियों का तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू सहित पदाधिकारियो ने स्वागत किया। एसडीएम लवकेश ध्रुव सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की चाकचौबंद व्यवस्था रही।

### मांगों पर सहानुभूति से विचार करने आश्वासन

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सांसद विजय बघेल ने पहली बार मांग की लंबी सूची दी है, इसकी घोषणा करना जल्दबाजी होगी। सभी मांगों का परीक्षण कर क्रियान्वयन की दिशा में पहल की जा सकेगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि मांग पत्र सौंपने वाले कोई भी निराश ना होवे सकारात्मक परिणाम परीक्षण पश्चात सामने आएगा। विदित हो कि इस मांग की कड़ी में जामगांव आर में शासकीय अस्पताल की मांग करते हुए जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने सांसद विजय बघेल द्वारा अनुशंसित आवेदन सीएम को सौंपा। सीएम ने कुछ गांवों के लिए सीसी रोड, और साहू समाज भवन पाटन भरर में शेड निर्माण के लिए घोषणा की।



## जनजागरण अभियान में साइबर फ्रॉड से बचने दी 1930 नंबर की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक व्यापक एवं प्रभावी वित्तीय साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में दुर्ग, भिलाई-3 एवं धमधा क्षेत्र के पैरालीगल वॉलंटियर्स ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई और समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचकर वित्तीय साक्षरता एवं कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। शिविर के अंतर्गत टीमों ने गांवों, शहरों एवं मोहल्लों में घर-घर जाकर महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों एवं युवाओं को साइबर फ्रॉड एवं साइबर क्राइम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही, आमजन को निःशुल्क विधिक सहायता, निःशुल्क अधिवक्ता की सुविधा तथा विभिन्न प्रकार की कानूनी सलाह के संबंध में जागरूक किया गया। लोगों को बताया गया कि आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता एवं कानूनी परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान आमजन को किसी अन्य व्यक्ति से ओटीपी साझा न करने, किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करने तथा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही मोबाइल फोन के सुरक्षित एवं सही उपयोग के बारे में समझाया गया और यदि किसी व्यक्ति के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी हो जाती है, तो उसकी शिकायत दर्ज किए जाने की पूरी प्रक्रिया के विषय में विस्तार से बताया गया।



## नाभिकीय रसायन को समझा स्टूडेंट ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

■ शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में अतिथि व्याख्यान

शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में विज्ञान विभाग द्वारा नाभिकीय रसायन विषय पर एकदिवसीय विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग की सहायक प्राध्यापक डॉ. अल्का बंछोर रहीं। अपने उद्बोधन में डॉ. बंछोर ने नाभिकीय रसायन के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं को सरल भाषा में समझाते हुए बताया कि यह विज्ञान परमाणु के नाभिक से संबंधित गुणों, परिवर्तनों और अभिक्रियाओं का अध्ययन करता है। उन्होंने न्यूक्लियर मॉडल, मैजिक नंबर एवं डबल मैजिक नंबर, रेडियोएक्टिव आइसोटोप, अल्फा, बीटा और गामा कणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही नाभिकीय विखंडन, नाभिकीय संलयन तथा श्रृंखला अभिक्रिया की प्रक्रिया को भी विद्यार्थियों के समक्ष स्पष्ट किया। डॉ. बंछोर ने नाभिकीय रसायन के कृषि एवं औद्योगिक क्षेत्र में उपयोग, नाभिकीय ताप संयंत्रों में इसकी भूमिका तथा ऊर्जा उत्पादन में इसके महत्व पर भी प्रकाश डाला।

## प्रतिभावान विद्यार्थियों ने सशिमं में मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

■ शत - प्रतिशत अंक भी लाए विद्यार्थियों ने



स्वशासी परीक्षा कक्षाओं का वार्षिक परीक्षा 2026 का परिणाम सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव-आर में शनिवार को घोषित किया गया। कक्षा अरुण, उदय, प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, षष्ठ सप्तम,नवम, एकादश के परिणाम घोषित किया गया। कक्षा अरुण, उदय, प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, षष्ठ सप्तम , एकादश का परिणाम 100 प्रतिशत रहा,तथा कक्षा नवम का परिणाम 47.3 प्रतिशत रहा। घोषित परिणाम में कक्षा अरुण में तेजल चंद्राकर ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान तथा सार्थक 98.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान ,गुंजन साहू ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा उदय में नित्या बंजारे ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, निकिता ने 97 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान, रूबी ने 97 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान, मोनिका ने 96 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा प्रथम से जागृति ने 93.5 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान, सेजल चंद्राकर ने 92.5 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा लिशा देवांगन ने 90.5 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा द्वितीय से लावण्या ने 79.5 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान तथा नमन ने 78 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा वंशिका साहू ने 73 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा तृतीय से पुष्कर 95 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान, समीक्षा पिंजारा 74.5 प्रतिशत द्वितीय स्थान ,काव्या महिपाल 73 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा चतुर्थ रितिका 90 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान तथा निखिल ने 85 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा सिद्धि ने 75.2 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा षष्ठ से तृषा कौशले ने 75.83 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान ,पूर्वी बंजारे ने 54.83 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा दीपांशु ने 54 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा सप्तम से आयुष ने 76.6 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान ,रुद्र कुमार ने 72 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा महक चंद्राकर ने 62 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा नवम से तानिया ने 89.3 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान, तन्नु ने 89 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा विराज कौशले ने 85 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा एकादश से माधवी ने 83 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान, साधना ने 78.6 प्रतिशत प्राप्त की थी स्थान तथा पूर्वी ने 52 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## पंचायतों में मनरेगा कार्य की मिली स्वीकृति, मजदूरों मे हर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन/सेलूद

पाटन ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी का कार्य प्रारंभ नहीं होने की वजह से मजदूर पूर्ण रूपेण बेरोजगार हो चुके थे। मजदूरों के लिए रोजगार गारंटी के तहत कार्य की मांग को लेकर विगत दिनों जनकल्याण समिति पाटन के द्वारा जनपद पंचायत पाटन के सामने धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री का नाम ज्ञापन सौंपा गया था। जिसके परिणाम स्वरूप लगभग सभी गांव में रोजगार गारंटी कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई है। रोजगार गारंटी कार्य स्वीकृत होने से मजदूर में खुशी की लहर है।



विगत कई माह से कार्य न मिलने की वजह से खाली बैठे मजदूरो को जनकल्याण समिति से आस जगी थी जो आज पूरी होते दिख रही है। आंदोलन में शामिल कुर्मीगुंडरा, बेलोदी, निपानी, गातापार, गाडाडीह, मुड़पार, महकाकला, कालाकोट, देमार, तरीघाट, दरबार मोखली, सेमरी, पंदर, बोरिद, खोला, रेंगाकठेरा, चूलगहन, खम्हरिया, चंगोरी, भरर, सोरम, गुजरा और मटिया के अलावा सभी ग्राम पंचायत में कार्य आदेश जारी कर दिया गया है। जल्द सभी पंचायत में कार्य प्रारंभ हो जाएगा। जनकल्याण समिति के प्रमुख युगल आडिल ने बताया कि मजदूरों की समस्या को देखते हुए धरना प्रदर्शन किया गया । जिसमें हजारों की संख्या में ग्रामीण व मजदूर शामिल हुए थे। लगातार काम ना मिलने की वजह से मजदूरों की माली हालत बद से बदतर होती जा रही थी। पलायन जैसी स्थिति निर्मित हो गई थी। गांव-गांव से लोग शहरों की तरफ पलायन कर रहे थे। जो की चिंता का विषय बना हुआ था। लंबित मनरेगा मजदूरी भुगतान भी जारी किया जा चुका है। मजदूरों की आर्थिक हालत में कुछ हद तक राहत मिलेगी। पाटन ब्लॉक में नोडल अधिकारियों के द्वारा गलत तरीके से बिना जांच पड़ताल के प्रधानमंत्री आवास को अपात्र कर दिया गया था। जिसके लिए शासन प्रशासन से पुनः जांच की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था।

## मन की बात में छत्तीसगढ़ का निरंतर जिक्र गौरव की बात

# देश के जनमानस को जोड़ने वाला एक सशक्त माध्यम है मन की बात : विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात में छत्तीसगढ़ में काले हिरण के संरक्षण के प्रयासों का उल्लेख किए जाने पर विधायक ललित चंद्राकर ने इसे प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ की उपलब्धियों का लगातार जिक्र होना न केवल राज्य की पहचान को सुदृढ़ करता है, बल्कि प्रदेशवासियों के मनोबल को भी नई ऊंचाई प्रदान करता है।

विधायक ललित चंद्राकर ने अपने पश्चिम बंगाल प्रवास पर मंतेश्वर विधानसभा में स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात की 133वीं कड़ी का श्रवण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मन की बात आज देश के जनमानस को जोड़ने वाला एक सशक्त माध्यम बन चुका है, जिसके



जरिए देश के कोने-कोने में हो रहे नवाचार, जनभागीदारी और जमीनी स्तर के उत्कृष्ट प्रयासों को राष्ट्रीय पहचान मिलती है। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक अभिभावक की तरह देशवासियों से संवाद करते हुए न केवल प्रेरणादायक कहानियों को सामने लाते हैं, बल्कि समाज के हर वर्ग को सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरित भी करते हैं। इस संवाद के माध्यम से लोगों में सहभागिता की भावना मजबूत होती है और राष्ट्र निर्माण की दिशा में सामूहिक प्रयासों को नई ऊर्जा मिलती है। इस अवसर पर महेन्द्र, पिंटू चोपड़ा, नागेन्द्र, मोनू चौधरी सहित स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कैम्प मंडल में कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात



**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला भिलाई अध्यक्ष सौरभ जायसवाल के नेतृत्व में कैम्प मंडल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 133 वां एपिसोड सुना गया। पीएम मोदी ने पूर्वोत्तर में विकसित हो रहे बांस उद्योग, यूपी में गज मित्र और डेयरी उद्योग के विकसित रूप, सौर ऊर्जा से पवन ऊर्जा की प्रगति देश के सामने रखी। शिक्षा के क्षेत्र में बच्चियों ने देशभर में अग्रणी स्थान प्राप्त कर गौरवान्वित किया है। इस दौरान अमित मिश्रा, अशोक गुप्ता, अमित सिंह, अखिलेश सिंह, नवीन सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सेलूद शक्ति केन्द्र में सुनी मन की बात



सेलूद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 133वां प्रसारण शक्ति केन्द्र सेलूद में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्तावो ने बूथ क्रमांक 137 टामन लाल साहू के निवास में सुना। इस अवसर पर शक्ति केन्द्र प्रभारी दिव्या कलिहारी, खेमलाल साहू पूर्व मण्डल अध्यक्ष, महेश्वर बंछोर शक्ति केन्द्र संयोजक, खेमिन साहू पूर्व सरपंच, रमेश देवांगन एस एम डी सी अध्यक्ष, टामन लाल साहू सोसायटी अध्यक्ष, राजू देवांगन सह संयोजक, जयन्त साहू, अर्जुन ठाकुर, अशोक यादव, बूथ अध्यक्ष गन, अनुपमा देवांगन, सुनीता ठाकुर पंच गन, भोज साहू, लक्ष्मण वर्मा, संतोष साहू की उपस्थिति रही।

### महिला आरक्षण पर राजनीति कर रही भाजपा : योगिता चंद्राकर

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री और पूर्व जिला सदस्य योगिता चंद्राकर ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सितंबर 2023 नारी



शक्ति वंदन अधिनियम संसद से पारित होकर कानून तो बन गया पर प्रभावी नहीं हुआ।राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद यह कानून बन चुका है लेकिन इसमें दो बड़ी शर्तें जोड़ी गई जो इसे लंबे समय के लिए टाल दी गई। जिसमें पहला जनगणना बिन के अनुसार और दूसरा महिला आरक्षण तभी लागू होगा जब देश में अगली जनगणना पूरी हो जाएगी। परिसीमन जनगणना के आंकड़ों के आधार पर जब सीटों का नए सिरे से निर्धारण होगा तब महिलाओं को 33 प्रतिशत सीटे मिलेगी। उन्होंने कहा कि हाल ही में प्रस्तुत किया गया महिला आरक्षण बिल वास्तव में महिलाओं को 33% आरक्षण देने का प्रयास नहीं बल्कि देश के राजनीतिक नक्शे को प्रभावित करने और संविधान की मूल भावना को कमजोर करने का एक सुयोजित षड्यंत्र है।

हरिभूमि लाइव
रायपुर, सोमवार 27 अप्रैल 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

लाइव इवेंट

## पंजाबी गीत, भांगड़ा, गिद्दा कर मनाया बैसाखी उत्सव, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन



**भिलाई।** पंजाबी कल्चरल एंड वेलफेयर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ और पंजाबी भाईचारा समिति के संयुक्त तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम बैसाखी उत्सव गुरुनानक इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 6 भिलाई में आयोजित किया गया। जिसमें काफी संख्या में समाज के सदस्यों ने शिरकत की। कार्यक्रम में स्वागत भाषण, पंजाबी कल्चरल एंड वेलफेयर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष सी एस बाजवा ने दिया। इस अवसर पर पंजाबी गीत, भांगड़ा, गिद्दा सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती महिलाओं, युवाओं और बच्चों द्वारा दी गई।

इस अवसर पर बी.एल. नेब अध्यक्ष पंजाबी भाईचारा, इंद्रजीत सिंह (छोटू) अध्यक्ष सिख यूथ सेवा समिति, जसवीर सिंह चहल अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सिख पंचायत, त्रिलोक सिंह ढिल्लों चेयरमेन खालसा पब्लिक स्कूल दुर्ग, गुरुदेव सिंह अध्यक्ष गुरु सिंघ सभा सेक्टर 6, पी.एस. बिंद्रा सचिव रोटरी क्लब स्टील सिटी, हरजीत सिंह धंजल एडवोकेट, गुरुद्वारा शहीद बाबा दीप सिंह सुपेला भिलाई के अध्यक्ष पलविंदर सिंह रंधावा, कैम्प गुरुद्वारा के अध्यक्ष बलदेव सिंह, कोहका गुरुद्वारा के अध्यक्ष और हाउसिंग बोर्ड जामुल क अध्यक्ष जसबीर सिंह को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे मिसेस इंडिया इंटरनेशनल व अभिनेत्री स्वेता पड्डा के द्वारा लिखित पुस्तक स्ट्रोम 2 स्टीलनेस का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन गुरप्रीत होरा पंजाबी कल्चरल एंड वेलफेयर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा किया गया। इस दौरान निर्मल सिंह रंधावा सचिव पंजाबी भाईचारा, सी. एस. बाजवा अध्यक्ष पंजाबी कल्चर एंड वेलफेयर एसोसिएशन, पंजाबी कल्चरल एंड वेलफेयर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के सचिव अनिल अरोरा उपस्थित थे।

लाइव इवेंट

## भविष्य को सुरक्षित बनाने जल संरक्षण जागरूकता अभियान में 200 से अधिक नागरिकों ने लिया संकल्प




**दुर्ग।** सामाजिक सरोकारों को बढ़ावा देते हुए विशेष जल संरक्षण जागरूकता अभियान का आयोजन जेसीआई दुर्ग–भिलाई द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पानी बचाने का संदेश दिया। अभियान के दौरान लगभग 200 से अधिक नागरिकों ने जल संरक्षण का संकल्प लिया। संगठन के अध्यक्ष जेसी संतोष रानू कुमार ने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य के लिए प्रत्येक नागरिक को पानी बचाने की दिशा में जागरूक होना होगा। वहीं वीपी कम्युनिटी अमित अग्रवाल ने कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि यदि हर नागरिक जागरूक होकर पानी बचाने का संकल्प ले, तो भविष्य सुरक्षित बनाया जा सकता है। यह अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का सशक्त माध्यम हैं। कार्यक्रम में बच्चों ने जागरूकता संदेशों के माध्यम से नागरिकों को पानी के महत्व एवं उसके संरक्षण के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक विजय बघेल, पूर्व विधायक अरुण वोरा और वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन शामिल हुए। अभियान में जूनियर प्रेसिडेंट वनीशा अग्रवाल, सेक्रेटरी सक्षम सिन्हा, राघव अग्रवाल, शुभ जैन, यश रामरिया, एनाया अग्रवाल, हुमिशा राठी, आहाना राठी, वाणी राठी, सहज राजपूत, अवनी केडिया, प्रिशा झवर, हनिशा झवर, अन्वी जायसवाल एवं प्रेक्षा देशलहरा ने सक्रिय सहभागिता निभाई। सचिव तोरण स्वाति अटल ने अभियान में सहयोग देने वाले सभी नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। जनसंपर्क अधिकारी ट्विंकल खेमुका पारख ने कहा कि छोटे प्रयासों से ही बड़े परिवर्तन संभव हैं और जल संरक्षण हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

## भगवान परशुराम की प्रतिमा का अनावरण आज



**भिलाई।** खुर्सीपार मंगल भवन के पास दीनदयाल पुरम में 27 अप्रैल को भगवान परशुराम की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता विष्णु पाठक ने बताया कि प्रतिमा अनावरण के पूर्व यहां अखंड रामायण पाठ शुरू हुआ। आज शाम 4 बजे अखंड रामायण पाठ का समापन होगा और उसके बाद भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापना की जाएगी। शाम 7 बजे से प्रसाद वितरण कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे मौजूद रहेंगे।

### 1000 लोगों को पानी की बोतल, बिस्कुट और नमकीन का निशुल्क वितरण

# भीषण गर्मी में सेवा की ठंडी छांव, जगह-जगह जलसेवा से मिल रही राहत, आर्य समाज ने भी बढ़ाया मानवता का हाथ

**भिलाई।** तेज़ धूप और झुलसाती गर्मी के बीच इन दिनों शहर ही नहीं, बल्कि प्रदेश के कई हिस्सों में सेवा की मिसालें देखने को मिल रही हैं। कहीं प्याऊ लगाकर राहगीरों को ठंडा पानी पिलाया जा रहा है, तो कहीं सामाजिक संस्थाएं सड़कों और चौराहों पर जल एवं नाश्ते का वितरण कर लोगों को राहत पहुंचा रही हैं। इसी कड़ी में आर्य समाज ने भी एक सराहनीय पहल करते हुए मानवता की मिसाल पेश की है। आर्य समाज मंदिर सेक्टर-6 एवं अध्यात्म पथ के संयुक्त तत्वावधान में रेलवे स्टेशन आर्य नगर क्षेत्र में सेवा ही धर्म है के मूल मंत्र के साथ एक विशेष सेवा अभियान चलाया गया। आचार्य डॉ. अजय आर्य के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 1000 लोगों को बिसलेरी पानी की बोतल, बिस्कुट और नमकीन का निशुल्क वितरण किया गया। भीषण गर्मी के बीच दोपहर 3 बजे जब अधिकतर लोग धूप से बचने की कोशिश कर रहे थे, तब सेवा भाव से ओतप्रोत कार्यकर्ता रेलवे स्टेशन परिसर में जरूरतमंदों तक राहत पहुंचाने में जुटे रहे। इस दौरान यात्रियों, ऑटो और रिक्शा चालकों, मजदूरों एवं पार्किंग कर्मियों को राहत सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ आर्य समाज के उपप्रधान रवि आर्य द्वारा किया गया। सेवा कार्य में रवि आर्य, कृष्णमूर्ति, बाबूलाल वासनिक, राजू भैया और रितेश सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।







### संसार का उपकार करना ही आर्य समाज का कर्तव्य

इस दौरान आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती का संदेश देता है कि संसार का उपकार करना ही आर्य समाज का मुख्य कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि परोपकार से बड़ा कोई धर्म नहीं होता और दूसरों को कष्ट देना सबसे बड़ा पाप है। भीषण गर्मी में सबसे अधिक परेशानी श्रमिक वर्ग और यात्रियों को होती है, ऐसे में उन्हें पानी और हल्का नाश्ता उपलब्ध कराना सच्ची सेवा है। उन्होंने एक सामाजिक पहलू की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि कई बार लोग निशुल्क सामग्री लेने में संकोच करते हैं, क्योंकि उन्हें विश्वास नहीं होता कि यह सेवा बिना किसी स्वार्थ के दी जा रही है। लेकिन जब वे दूसरों को लेते हुए देखते हैं, तब उनका भरोसा बनता है। ऐसे सेवा कार्य समाज में विश्वास और सकारात्मकता बढ़ाने का काम करते हैं।

आचार्य आर्य ने बताया कि लगभग चार वर्ष पूर्व उनके मन में यह विचार आया कि पारंपरिक प्याऊ एक स्थान तक सीमित होते हैं, जबकि चलती-फिरती भीड़ जैसे रिक्शा चालक, मजदूर और यात्री अक्सर इससे वंचित रह जाते हैं। इसी सोच के साथ बोतलबंद पानी वितरण की यह पहल शुरू की गई, जिससे लोग तत्काल राहत पाने के साथ-साथ बोतल का आगे भी उपयोग कर सकें। इस दौरान सेवा का लाभ लेने वाले राहगीरों ने कहा कि यह आयोजन न केवल सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है,





बल्कि समाज में संवेदनशीलता, सहयोग और मानवता के मूल्यों को भी सशक्त करने वाला प्रेरणादायी प्रयास है। इस सेवा कार्य में राजकुमार भल्ला, डॉ. आर.के. मल्होत्रा, के.के. शर्मा, धर्मपाल खंडूजा, जी.एस. ठाकुरेल, परमवीर भल्ला, डॉ. अनुपम मौर्य सहित अन्य सहयोगी शामिल रहे। वहीं अध्यात्म पथ के कार्यकर्ताओं ने भी आयोजन को में सक्रिय भूमिका निभाई।

### आगामी योजना- नीट परीक्षार्थियों के लिए विशेष व्यवस्था

आचार्य डॉ. अजय आर्य ने जानकारी देते हुए कि आगामी समय में नीट परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों के लिए भी जलपान एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि दूर-दराज से आने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, विशेषकर अनिवार्य वस्तुओं की उपलब्धता को लेकर। ऐसे में समाज के सहयोग से परीक्षा केंद्रों पर सेवा कार्य किया जाएगा।




## छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा में नई नियुक्ति कमलेश दास को प्रांतीय उपाध्यक्ष का दायित्व

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण नियुक्ति करते हुए महासभा के राष्ट्रीय महासचिव लखन दास वैष्णव ने कमलेश दास वैष्णव को छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रांतीय उपाध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा। राष्ट्रीय महासचिव लखन दास ने जानकारी देते हुए बताया कि कमलेश दास वैष्णव का परिवार विगत 75 वर्षों से महासभा से जुड़कर निरंतर समाज सेवा में सक्रिय रहा है। उन्होंने भी 26 वर्षों तक समाजहित में कार्य किया है, जिसे देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष चरण दास वैष्णव, दुर्ग मंडल सचिव राजेश्वर वैष्णव, महामंडलेश्वर मुरली सरण वैष्णव बासूला, युवा अध्यक्ष विश्वनाथ बैरागी, कामेश्वर वैष्णव, भरत दास वैष्णव, कविता वैष्णव, अशोक वैष्णव, दिलीप वैष्णव, गजानन वैष्णव, मनबोध दास,



राजेंद्र वैष्णव, महिला अध्यक्ष लता रानी वैष्णव, ओमप्रकाश बैरागी, कृष्ण कुमार वैष्णव, जयप्रकाश, प्रदीप दास वैष्णव, तुलसीदास वैष्णव, दामोदर दास वैष्णव राजनांदगांव, व्यास नारायण, महेंद्र, राजेंद्र और मुकेश सहित प्रदेशभर के वैष्णव समाज के लोगों ने समाज हित में कार्य करने शुभकामनाएं दी है।

## विश्व कप शूटिंग में भारतीय जोड़ी का कमाल, गोल्ड के साथ बनाया विश्व रिकॉर्ड

**भिलाई।** इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा कायरो मिश्र में आयोजित विश्व कप 2026 में भारत के युवा निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में दिव्यांशु देवांगन और शाम्भवी क्षीरसागर की जोड़ी ने 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम जूनियर स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया। इस मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने पूरे समय उत्कृष्ट प्रदर्शन बनाए रखा और चरणबद्ध तरीके से स्कोर बढ़ाते हुए 499.9 अंक हासिल किए। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने नया विश्व रिकॉर्ड भी स्थापित किया, जो इस प्रतियोगिता की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इस सफलता से देश, छत्तीसगढ़ और देवांगन समाज में खुशी की लहर है। छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं समाज के वरिष्ठ घनश्याम कुमार देवांगन ने इसे भारत के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया और खिलाड़ियों को बधाई दी। दिव्यांशु देवांगन, रायगढ़ निवासी शैलेंद्र देवांगन और यामिनी देवांगन के पुत्र हैं।



### हरिभूमि और इंदु आईटी स्कूल की पहल, चन्द्रा-मौर्या टाकीज में खास स्क्रीनिंग

कार्नर न्यूज

# भिलाई में फिल्मोत्सव का धूम, भूत बंगला देखने उमड़ी भीड़, परिवार संग लोगों ने लिया मनोरंजन का आनंद

**भिलाई।** शहर में रविवार को फिल्मोत्सव के तहत मनोरंजन का खास माहौल देखने को मिला, जब हरिभूमि और इंदु आईटी स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में चन्द्रा-मौर्या टाकीज में आम जनता के लिए फिल्म 'भूत बंगला' का विशेष प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और फिल्म का आनंद लिया।

इस आयोजन में अतिथि के रूप में मनीष पाण्डेय प्रदेश कार्य समिति भाजपा रायपुर प्रभारी, प्रकाश सांखला दुर्ग जिला भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक, डॉ. संजय गोयल डायरेक्टर नेस्थीसियोलॉजिस्ट एवं इंटेंसिविस्ट और कैलाश बरमेचा अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत सत्र से हुई। इस दौरान हरिभूमि के यूनिट हेड विजय प्रसाद मंडल, ब्यूरो चीफ संदीप उपाध्याय, पत्रकार द्वय



अतुल अग्रवाल, जेएम तांडी, देवीलाल साहू, सुवांकर रॉय, जाकिर हुसैन, फोटो जर्नलिस्ट संजय पाण्डेय सहित मार्केटिंग टीम के कौशिक चटर्जी, राजीव पाण्डेय, राजू डोरा, पिंकी चौधरी और महेन्द्र खरे ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। फिल्म प्रदर्शन के दौरान चन्द्रा-मौर्या टाकीज में दर्शकों की खासी भीड़ देखने को मिली। बच्चे अपने परिवार के साथ फिल्म देखने पहुंचे, जिससे माहौल और भी जीवंत हो गया। लंबे समय बाद सिनेमाघर में इस तरह की सामूहिक उपस्थिति ने कार्यक्रम को खास बना दिया। रोजमर्रा की भागदौड़ से समय निकालकर फिल्म देखने पहुंचे लोगों ने इसे सुकून भरा अनुभव बताया। दर्शकों ने कहा कि ऐसे आयोजन शहर में मनोरंजन के साथ सामाजिक जुड़ाव भी बढ़ाते हैं। आयोजकों ने बताया कि फिल्मोत्सव का उद्देश्य लोगों को एक मंच पर लाकर सांस्कृतिक और मनोरंजन गतिविधियों को बढ़ावा देना है, ताकि शहर में सकारात्मक माहौल के साथ सामूहिक सहभागिता को भी मजबूती मिल सके।





## सिटी स्पोर्ट्स

### भिलाई, राजनांदगांव, राजहरा और कांकेर में अंडर-16 का पहला दौर शुरू



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा आयोजित अंडर-16 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले दौर की शुरूआत रविवार से हुई। पहले दिन विभिन्न टीम के बीच शानदार मैच हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में टीम बीएसपी विरुद्ध बिलासपुर में बल्लेबाजी करते हुए बिलासपुर टीम पहली पारी में 212 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में बीएसपी ने पहली पारी में बिना कोई विकेट खोए 33 रन बनाए।

दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में टीम प्लेट कंबाइंड विरुद्ध भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन मैच हुआ। बल्लेबाजी करते हुए भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन टीम पहली पारी में 170 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में प्लेट कंबाइंड ने पहली पारी में बिना कोई विकेट खोए 4 रन बनाए। दल्ली राजहरा में टीम रायपुर ब्लू विरुद्ध राजनांदगांव के मैच में बल्लेबाजी करते हुए रायपुर ब्लू ने पहली पारी में तीन विकेट पर 293 रन बनाए। न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम दुर्ग विरुद्ध रायपुर के मैच में बल्लेबाजी करते हुए दुर्ग टीम पहली पारी में 151 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में रायपुर ने पहली पारी में बिना कोई विकेट खोए 25 रन बनाए।

### अंडर-19 जारी, टी-20 का सेमीफाइनल कल



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा आयोजित महिला अंडर-19 एक दिवसीय चैलेंजर ट्रॉफी रविवार को मैच हुए। कल्याण कॉलेज सेक्टर 7 के मैदान में टीम सेंट्रल जोन विरुद्ध नॉर्थ जोन में परिणाम सेंट्रल जोन टीम ने दो विकेट से जीता। मिनी स्टेडियम खुर्सीपार में टीम ईस्ट जोन विरुद्ध साउथ जोन में परिणाम ईस्ट जोन ने 5 विकेट से जीता। वहीं छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा आयोजित सीनियर प्लेट ग्रुप टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमी फाइनल मैच सोमवार 27 अप्रैल से खेले जाएंगे। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम बिलासपुर (ब्लू) विरुद्ध जशपुर और आरडीसीए रायपुर में टीम राजनांदगांव विरुद्ध सरगुजा का मुकाबला होगा।

### राज्य स्तरीय शतरंज के लिए चुने गए खिलाड़ी



**रायपुर।** रायपुर जिला शतरंज अकादमी द्वारा अंडर-7 बॉयज एंड गर्ल्स शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन बलवीर सिंह जुनेजा इनडोर स्टेडियम हुआ। जिसमें दो दो खिलाड़ी प्रति वर्ग में चयन हुआ। जो बलबीर सिंह जुनेजा इनडोर स्टेडियम रायपुर में आगामी 2 मई एवं 3 मई को होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रायपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में बालिका में प्रथम विधि गुप्ता, द्वितीय प्रिशा सैनी,बालक में प्रथम जेरेमिया जॉन रोहमी और द्वितीय वियो खरे रहे।

### नेटबॉल और रोलबॉल को बढ़ावा देने जुटे खेल प्रेमी, नई कार्यकारिणी का गठन

**रायपुर।** मुंगेली जिला नेटबॉल स्पोर्ट्स



एसोसिएशन एवं रोलबॉल एसोसिएशन की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, नगर पालिका मुंगेली के अध्यक्ष रोहित शुक्ला, कमल सलूजा, जिला खेल अधिकारी संजय पाल एवं श्री पाठक उपस्थित रहे। राज्य से पर्यवेक्षक के रूप में छत्तीसगढ़ नेटबॉल संघ के सचिव राजेश राठौर की उपस्थिति में दोनों संगठनों की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिला नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी में संरक्षक दीनानाथ केशरवानी, रोहित शुक्ला, कमल सलूजा, अध्यक्ष सचिन मसीह, सचिव स्वप्निल चुनेकर, उपाध्यक्ष रामनाथ जायसवाल, कोषाध्यक्ष अजय राही, सहसचिव संतराम यादव, सदस्य थवि सिंह, राजनंदिनी निराला, वेद प्रकाश कुर्रे और मेघा रानी शामिल किए गए। जिला रोलबॉल एसोसिएशन की कार्यकारिणी में अध्यक्ष सचिन मसीह, उपाध्यक्ष अजय राही, रामनाथ जायसवाल, श्रीमती रामेश्वरी तिवारी चुने गए।

---

फाइबर की कमी की पहचान की जा सकती है आसानी से

# अच्छी सेहत के लिए आहार में फाइबर की कमी न होने दें, पाचन से लेकर दिल तक को रखेंगे दुरुस्त

फाइबर पाचन से लेकर दिल की सेहत तक, हर चीज में अहम भूमिका निभाता है, इसलिए अपनी रोजाना की डाइट में फाइबर वाली चीजों को शामिल करना बहुत जरूरी है। क्या आपकी डाइट में तो फाइबर की कमी नहीं है?

अच्छी सेहत चाहते हैं तो स्वास्थ्य विशेषज्ञ खान-पान में सुधार को सबसे जरूरी मानते हैं। कई अध्ययनों से स्पष्ट होता है कि अगर हम सभी सिर्फ डाइट में ही सुधार कर लें तो इससे कई तरह की बीमारियों के खतरे को कम किया जा सकता है। डायबिटीज हो या हाई ब्लड प्रेशर, दिल की बीमारियां हों या लिवर-किडनी की समस्याएं, इन सभी के लिए डाइट में गड़बड़ी को एक बड़ा कारण माना जाता रहा है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को रोजाना ऐसी चीजों के सेवन की सलाह देते हैं जिससे शरीर के लिए जरूरी ज्यादातर पोषक तत्वों की पूर्ति हो सके। जब बात हेल्दी डाइट और जरूरी पोषक तत्वों की आती है तो हमारे दिमाग में सबसे पहला ख्याल प्रोटीन का आता है। हालांकि प्रोटीन के साथ फाइबर वाली चीजों को भी आहार में शामिल करना बहुत जरूरी हो जाता है। फाइबर पाचन से लेकर दिल की सेहत, डायबिटीज से लेकर कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने तक



में अहम भूमिका निभाता है। क्या आपकी डाइट में भरपूर फाइबर वाली चीजें हैं?

### क्या कहती हैं विशेषज्ञ?

पुणे स्थित एक अस्पताल में डायटीशियन श्वेता गर्ग बताती हैं, फल-सब्जियां, साबुत अनाज, दालें, नट्स और सीड्स फाइबर का स्रोत हैं। फाइबर को शरीर का क्लीनिंग सिस्टम भी कहा जाता है। यह आंतों को स्वस्थ रखता है और भोजन को सही तरीके से पचाने में मदद करता है। हालांकि जिस तरह से लोगों के खान-पान के



तरीके में बदलाव आ रहा है, जंक-प्रोसेस्ड फूड्स की तरफ लोगों की रुचि ज्यादा बढ़ रही है इसने फाइबर की कमी का खतरा भी बढ़ा दिया है। अच्छी बात ये है कि फाइबर की पूर्ति के लिए आपको महंगे सप्लीमेंट्स की नहीं, बल्कि खान-पान में बस छोटे-मोटे सुधार की जरूरत होती है। अब सवाल ये है कि आखिर ये कैसे जाना जाए कि हमारी थाली में फाइबर की मात्रा ठीक है या नहीं?

### कितना फाइबर अच्छी सेहत के लिए जरूरी?

डायटीशियन बताती हैं, वयस्कों को रोजाना लगभग 25-35 ग्राम फाइबर की जरूरत होती है, खान-पान में सुधार करके इसकी पूर्ति भी आसानी से की जा सकती है। हालांकि अगर आपकी डाइट में प्रोसेस्ड-फास्ट फूड और रिफाइंड आहार ज्यादा हैं तो ये शरीर में फाइबर की कमी करके कई तरह की दिक्कतें पैदा कर सकते हैं। फाइबर के लिए आपको ज्यादा पैसे खर्च करने की भी जरूरत नहीं है। दैनिक खानपान वाली चीजें भी इसकी जरूरतों को पूरा कर सकती हैं।

### आपकी डाइट में तो फाइबर की नहीं है कमी?

फाइबर की कमी शरीर को कई प्रकार से प्रभावित



करती है। इससे कब्ज से लेकर सेहत से संबंधित कई दिक्कतें बढ़ जाती है। इन लक्षणों के आधार पर आप जान सकते हैं कि आपकी डाइट और शरीर में फाइबर की कमी तो नहीं है? जब भोजन में पर्याप्त फाइबर नहीं होता, तो पाचन खराब हो जाता है, मल सख्त हो जाता है और शौच में दिक्कत हो सकती है। पेट भारी लगना, गैस, एसिडिटी और पेट फूलने जैसी समस्याएं हो रही हैं तो ये फाइबर की कमी का संकेत हो सकती है। फाइबर की कमी से ब्लड शुगर तेजी से ऊपर-नीचे होने लगता है, क्योंकि फाइबर भोजन के पाचन को धीमा करता है, इसकी कमी में शुगर जल्दी बढ़ती है। लो फाइबर कोलेस्ट्रॉल का स्तर भी बढ़ सकता है, जिससे हृदय रोगों का खतरा बढ़ता है। फाइबर की कमी से आंतों के गुड बैक्टीरिया कमजोर होने लगते हैं, जिससे इम्यून सिस्टम प्रभावित होता है।

फाइबर की पूर्ति कैसे करें?

फाइबर की पूर्ति के लिए संतुलित भोजन सबसे जरूरी है। रोजाना की डाइट में साबुत अनाज जैसे ओट्स, दलिया, ब्राउन राइस, जौ को शामिल करें।

---

# तुलसी के पत्तों के इस उपाय से बदल सकती है आपकी किस्मत, नहीं होगी धन की कमी

घर में तुलसी का पौधा रखने से आर्थिक तंगी दूर होती है। शास्त्रों में इसे देवी लक्ष्मी का रूप माना जाता है। तुलसी के पौधे की नियमनुसार पूजा करने से वास्तु दोष भी दूर होता है। हिंदू धर्म में तुलसी के पौधे को बहुत पवित्र माना जाता है। त्योहारों में इनकी पूजा करने से घर में लक्ष्मी जी का वास होता है। ऐसी मान्यता है जिस घर में तुलसी का पौधा होता है, वहां हमेशा देवी मां की कृपा बनी रहती है। बता दें, भगवान विष्णु के अलावा श्रीकृष्ण और हनुमान जी को भी तुलसी अति प्रिय है। तुलसी न केवल धार्मिक दृष्टि से फलदायी है बल्कि इसे स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक माना जाता है। इसमें मौजूद औषधीय गुण शरीर के लिए फायदेमंद होते हैं।

तुलसी की पत्तियों से जुड़ें उपाय जीवन की राह बदलने के काम करते हैं। दरअसल, तुलसी की पत्तियों के उपाय करने से तरक्की के योग बनते हैं। साथ ही कई अन्य लाभ भी जातक को मिलते हैं। इसी कड़ी में आइए इससे मिलने वाले अन्य लाभ के बारे में भी जान लेते हैं।

### तुलसी की पत्तियों के उपाय

शुक्रवार के दिन तुलसी के पौधे से 11 पत्तियां तोड़कर आटे के डिब्बे में डाल दें। मान्यता है कि इससे अन्न की कमी नहीं होती है। साथ ही घर परिवार में बरकत होती है।

अगर आप आर्थिक समस्या से परेशान हैं, तो तुलसी के पत्तों को किसी लाल रंग के कपड़े में बांधकर रख दें। बाद में इसे अपने पर्स या अलमारी में किसी जगह रख दें। ऐसा करने से घर में धन की आवक बढ़ती है।

गुरुवार के दिन तुलसी की पत्तियों को भगवान



विष्णु जी को अर्पित कर दें। बाद में इन्हें पीले रंग के कपड़े में बांधकर अलमारी में रख दें। इससे मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहेगी।

भाग्योदय के लिए आटे के दीपक में घी डालें। फिर इसके बाद एक चुटकी हल्दी डालकर शाम के समय इसे प्रज्वलित करें। बाद में उस दीपक तुलसी की जड़ों में उत्तर दिशा में रख दें। मान्यता है कि ऐसा करने से आपकी बंद किस्मत खुल सकती है।

मनोकामना पूरी करने के लिए आप पीतल के लोटे में 4 से 5 तुलसी की पत्तियां डालें। इसके बाद इसे डालकर करीब 24 घंटे के लिए रख दें। अगले दिन इस जल को घर के प्रवेश द्वार के साथ अन्य हिस्सों में छिड़क दें। ऐसा करने से मनोकामना पूरी हो सकती है। तुलसी की 11 पत्तियों को धूप में सुखा लें। इसके बाद इसपर नारंगीरंग के सिंदूर में सरसों का तेल मिलाकर इसपर राम का नाम लिखें। इसके बाद उन पत्तों की माला को हनुमान जी को चढ़ा दें। इससे सुख में वृद्धि होती है।

---

# कटे फलों पर नमक या शक्कर डालकर खाना हानिकारक



क्या आपने गर्मियों में तरबूज पर नमक छिड़क कर या अमरूद पर चाट मसाला मिलाकर खाया है? खरबूजे में चीनी मिलाकर स्वाद लिया है? अक्सर लोग ताजे फलों को काटकर खाते हैं या उनका सलाद बनाते हैं। फ्रूट सलाद बनाने के लिए कटे हुए फलों पर लोग चाट मसाला या नमक छिड़कते हैं। इससे फल का स्वाद बढ़ जाता है। घर पर प्याज, खीरा आदि भी काटकर सलाद बनाते हैं और उसमें नमक मिलाते हैं। कई बार फल की मिठास को और बढ़ाने के लिए लोग कटे फलों में चीनी मिला लेते हैं। अगर आपको भी कटे फलों में ऊपर से शक्कर, नमक या चाट मसाला डालकर खाना पसंद है तो सावधान हो जाइए। इस तरह के फलों का सेवन सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। फल के सेवन का सही तरीका जानें ताकि सेहत पर बुरा असर न पड़े।

### फल में नमक मिलाकर खाने के नुकसान

विशेषज्ञों के मुताबिक, कटे फल पर नमक छिड़कने पर वह पानी छोड़ने लगता है। इस से फल में मौजूद न्यूट्रिएंट्स खत्म हो जाते हैं। वहीं नमक या चाट मसाले में मौजूद सोडियम किडनी पर असर करता है। अगर आप नमक के साथ चाट मसाला भी मिलाते हैं, तो शरीर में सोडियम की मात्रा ज्यादा हो जाती है, क्योंकि चाट मसाले में भी नमक होता है।

### फल में शक्कर मिलाकर सेवन के नुकसान

फल में प्राकृतिक मिठास होती है। फलों में ग्लूकोज भी पाया जाता है, जो कैलोरी बढ़ाता है। ऐसे में अगर आप कटे फलों में ऊपर से चीनी मिलाते हैं।

---



# बच्चे को एसी या कूलर की आदत पड़ चुकी तो एहतियात जरूर बरतें

मई आने के पहले ही गर्मी का कहर शुरू हो चुका है। हर कोई गर्मी से बेहाल है। गर्मी और उमस से छुटकारा पाने के लिए हर कोई कूलर या एसी में रहना चाहता है। एसी या कूलर की हवा काफी हद तक आपको सुकून पहुंचाती है। लेकिन क्या यह हवा नवजात शिशु या छोटे बच्चों के लिए सुरक्षित होती है ? अक्सर माता पिता इस बात को लेकर चिंतित रहते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. रीमा पांडया के मुताबिक आप बच्चे को एसी या कूलर की हवा में सुला सकते हैं लेकिन आपको इस दौरान कुछ बातों का ध्यान रखना होता है। आइए जानते हैं बच्चे को एसी या कूलर में सुलाते वक्त किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

बच्चे को एसी या कूलर में सुलाते हैं तो हमेशा ध्यान रहे कि आपके बच्चे पर सीधी हवा नहीं पड़े। बच्चों की इम्यूनिटी कमजोरी होती है ऐसे में थोड़ी सी ठंड में भी आपके बेबी को सर्दी जुकाम और बुखार हो सकता है। समय-समय पर आप अपने बच्चे के शरीर को छूते रहें, ताकि आपको मालूम चले कि बच्चे को बुखार तो नहीं।



बच्चे को अगर आप एसी वाले कमरे से दूसरे कमरे में शिफ्ट कर रहे हैं तो तुरंत ऐसा न करें, पहले एसी बंद करके बॉडी को रूम टेंपरेचर पर लाएं, इसके बाद ही उसे दूसरे कमरे में ले जाएं।

बच्चे को बहुत ज्यादा देर तक ठंडे तापमान पर ना रखें, इससे बॉडी टेंपरेचर लो होने का खतरा हो सकता है। एसी वाले कमर में बच्चे को सुलाते हैं तो एसी का तापमान 23 से 26 रखें। इससे कम तापमान करते हैं तो बच्चा बीमार पड़ सकता है।

अगर एसी या कूलर में बच्चे को सुलाते भी हैं तो उन्हें अच्छी तरह से कवर कर दें। बीच बीच में बच्चे को चेक करती रहें कि कहीं ठंड के कारण उन्हें ठिठुरन तो नहीं हो रही है। एयर कंडीशनर में बच्चे को सुलाने के कारण त्वचा का रूखापन बढ़ सकता है। इससे त्वचा रोग हो सकता है। ऐसे में आप अपने बच्चे को टाइम टू टाइम डॉक्टर के बताए मॉइस्चराइजर लगाएं। साथ ही उसे स्तनपान भी कराते रहें, इससे हाइड्रेशन बनी रहेगी। वहीं अगर आपका बच्चा बीमार रहता है या प्रीं-मैच्योर है तो उसे एसी या कूलर की हवा में सुलाने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लें।



---

कार्नर न्यूज

शरीर को लचीला बनाने, मांसपेशियों की मजबूती और अतिरिक्त वसा को घटाने के लिए नियमित योगासन

# खाने के बाद करें ये योगासन फटाफट हजम हो जाएगा भोजन

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक, योग शरीर और मस्तिष्क दोनों के लिए फायदेमंद होता है। तमाम बीमारियों से बचाव और उपचार में योग असरदार है। शरीर को लचीला बनाने, मांसपेशियों की मजबूती और अतिरिक्त वसा को घटाने के लिए नियमित योगासन के अभ्यास की सलाह दी जाती है।

मानसून में पेट संबंधी शिकायत हो सकती है। बारिश के मौसम में गर्मागर्म पकोड़े, समोसे आदि के सेवन से अपच, दर्द और पेट फूलने जैसी समस्याएं होने लगती हैं। पाचन क्रिया सही तरीके से न होने से कई शिकायत हो सकती हैं। विशेषज्ञ कहते हैं कि रात के भोजन के तुरंत बाद नहीं सोना चाहिए और कम से कम तीन घंटे का अंतराल हो, जिसमें पैदल चल सकते हैं या योग कर सकते हैं। यहां कुछ योगासनों के बारे में बताया जा रहा है, जिसका अभ्यास खाने के बाद करना चाहिए, इससे फटाफट भोजन पच जाता है और पेट संबंधी समस्याएं नहीं होती हैं।




**वज्रासन:** रात को खाने के बाद वज्रासन का अभ्यास कर सकते हैं। यह पाचन के लिए सबसे फायदेमंद योगासनों में शामिल है। इस आसन के अभ्यास से ऊपरी शरीर और पेट को स्ट्रेच करने में मदद मिलती है। खाली पेट वज्रासन के अभ्यास की सलाह दी जाती है लेकिन इस आसन को भोजन के बाद करना अधिक फायदेमंद होता है।

**गोमुखासन :** गोमुखासन रीढ़ और पेट की मांसपेशियों में खिंचाव लाने में मदद करता है। इससे पाचन में मदद मिलती है और खाने के बाद इस आसन के अभ्यास से पेट का इलाज होता है। पाचन क्रिया को आसान बनाने के लिए नियमित इस योग का अभ्यास किया जा सकता है।

गोमुखासन के अभ्यास के लिए बाएं पैर को मोड़कर टखने को बाएं कूल्हे के पास रखें। अब दाहिने पैर को बाएं पैर पर इस तरह रखें कि दोनों घुटने एक-दूसरे को स्पर्श करें। अब हाथों को पीछे की ओर ले जाते हुए दाएं हाथ से बाएं हाथ को पकड़ लें। रीढ़ को सीधा रखते हुए लगभग 1 मिनट तक गहरी सांसें लें। धीरे धीरे पुरानी अवस्था में आ जाएं।

**धनुरासन :** धनुरासन पाचन अंगों के कार्य को बढ़ाने में सहायक है। इस आसन के अभ्यास से पाचन बेहतर होता है। धनुरासन करने के लिए पेट के बल लेट कर पैरों को मोड़ते हुए छूने का प्रयास करें। बाहों और हाथों के उपयोग से टखनों को पकड़ें। टखनों को पीछे की ओर रखते हुए कंधों को खिंचाव दें।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## कैटी पेरी के एक्स हसबैंड ने जस्टिन ट्रूडो पर कसा तंज, डेटिंग पर ली चुटकी

इन दिनों हॉलीवुड सिंगर कैटी पेरी कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को डेट कर रही हैं। दोनों को अक्सर साथ देखा जाता है। हाल ही इनके रिलेशनशिप पर कैटी पेरी के



पूर्व पति और कॉमेडियन रसेल ब्रांड ने तंज कसा है। हालिया एक इंटरव्यू में कॉमेडियन और हॉलीवुड एक्टर रसेल ब्रांड ने पूर्व पत्नी कैटी पेरी के नए रिलेशनशिप पर टिप्पणी की है। कैटी के रूमर्ड बॉयफ्रेंड जस्टिन ट्रूडो पर भी कटाक्ष किया है। ऐसा लगता है कि वह कैटी पेरी के इस नए रिश्ते से खुश नहीं है। जानिए, रसेल ब्रांड ने ऐसा क्या कहा?

'द मेगिन केली शो' में रसेल ब्रांड ने अपनी नई किताब पर चर्चा की। साथ ही कैटी पेरी और जस्टिन ट्रूडो के रिलेशनशिप को लेकर भी बात की। उन्होंने यह भी माना कि वह अपनी शादी को कैटी के साथ संभाल नहीं पाए थे। रसेल ब्रांड ने इंटरव्यू में कहा, 'मैंने अपनी पूर्व पत्नी के साथ बहुत कुछ देखा और सहा है। लेकिन तुमने (कैटी पेरी) तो हद ही कर दी। मुझे ऑरलैंडो ब्लूम (कैरी के एक्स बॉयफ्रेंड) बहुत पसंद था। वह शानदार इंसान था। लेकिन जस्टिन ट्रूडो, शायद फिदेल कास्त्रो की संतान हैं। अरे नहीं, ऐसा कहना एक सीमा रेखा को खींचने के जैसा है।' अपने इंटरव्यू में रसेल ने ट्रूडो राजनीति करियर पर भी तंज कसा। उन्होंने याद दिलाया कि कैसे ट्रूडो ने ट्रक ड्राइवर्स के विरोध को संभाला था। रसेल का मानना है कि वह बस सुंदर दिखने वाले राजनेता है। इसके अलावा इंटरव्यू में वह कहते हैं, 'कैटी पेरी किसी भी पल होश में आ सकती हैं।' यह कहकर रसेल ने इशारा कर दिया कि कैटी कभी भी जस्टिन ट्रूडो से अपना रिश्ता खत्म करके जिंदगी में आगे बढ़ सकती हैं।

### टॉलीवुड

## रविपुडी की मल्टीस्टारर फिल्म को मिल गईं लीडिंग एक्ट्रेस, दो बड़ी हीरोइनों की हुई एंट्री

निर्देशक अनिल रविपुडी की आगामी मल्टी-स्टारर फिल्म घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इसमें वेंकटेश दग्गुबाती और नंदामुरी कल्याणराम



मुख्य भूमिका में हैं। अब फिल्म की कास्टिंग को लेकर एक और बड़ी खबर सामने आ रही है। फिल्म में दो बड़ी हीरोइनों के भी शामिल होने की खबरें सामने आ रही हैं।

फिल्म की कास्टिंग को लेकर सामने आ रही नई जानकारी के मुताबिक, कीर्ति सुरेश और कृति शेट्टी फिल्म में लीडिंग एक्ट्रेस के तौर पर नजर आएंगी। निर्देशक अनिल रविपुडी ने एक कार्यक्रम में संकेत दिया कि कृति शेट्टी नंदामुरी कल्याणराम के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी, जो एक नई जोड़ी होगी।

वहीं हाल की खबरों के अनुसार, कीर्ति सुरेश को वेंकटेश के साथ कास्ट किए जाने की संभावना है। हालांकि, उनकी कास्टिंग को लेकर अभी कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। लेकिन इंडस्ट्री में चर्चा है कि उन्हें इस भूमिका के लिए फाइनल कर लिया गया है।

इस फिल्म के जरिए नंदामुरी कल्याणराम और अनिल रविपुडी लगभग एक दशक के बाद साथ में वापसी कर रहे हैं। इससे पहले निर्देशक ने 'पटास' से अपने करियर की शुरुआत की थी। साथ ही यह वेंकटेश और रविपुडी की साथ में पांचवीं फिल्म होगी, जो लगातार बॉक्स ऑफिस पर सफलता देने के लिए जाने जाते हैं।

फिल्म की शूटिंग जून में शुरू होने की उम्मीद है, जिसके पहले शेड्यूल में वेंकटेश और कीर्ति सुरेश के नजर आने की संभावना है। यह शेड्यूल वेंकटेश द्वारा त्रिविक्रम श्रीनिवास द्वारा निर्देशित उनकी मौजूदा फिल्म 'आदर्श कुटुंबम' का काम पूरा करने के बाद शुरू होने की उम्मीद है।

### भोजपुरी

## 'चटोरी बहू 2' का ट्रेलर रिलीज, मंझली और छोटकी बहू ने खेला अनोखा खेल

अंजना सिंह की नई फिल्म 'चटोरी बहू 2' का ट्रेलर रिलीज हो गया जिसमें वो एक एक सीधी-साधी बहू के रूप में नजर आ रही हैं। वहीं घर में देवरानी और



जेठानी मिलकर उनके खिलाफ पूरी साजिश करती हैं।

भोजपुरी सिनेमा में दशक से ज्यादा तक अपनी फिल्मों के जरिए फैंस के दिलों पर राज करने वाली अंजना सिंह की नई फिल्म 'चटोरी बहू 2' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ये कहानी एक मां के आत्मविश्वास की है, जो अपनी बेटी के लिए दुनिया की हर समस्या से जूझने के लिए तैयार हो जाती है।

फिल्म में घर की रसोई से शुरू हुई पाक कला के जरिए अंजना पूरे जिले में पहचान बनाती हैं। हालांकि, एक्ट्रेस के लिए यह सफर आसान नहीं होता। फिल्म 'चटोरी बहू 2' का ट्रेलर रिलीज के साथ ही सुर्खियां बटोर रहा है।

फिल्म में अंजना सिंह ने एक सीधी-साधी बहू का किरदार निभाया है, जो गरीब घर से है लेकिन पाक-कला में निपुण। अंजना स्वादिष्ट खाना बनाकर पूरे परिवार का दिल जीत लेती है लेकिन जब बात उनकी बच्ची के स्कूल में दाखिला कराने की आती है तो देवरानी और जेठानी मिलकर पूरी साजिश करती हैं कि बच्ची का दाखिला सरकारी स्कूल में ही हो, प्राइवेट में नहीं, क्योंकि फीस बहुत ज्यादा है। अब यही बात अंजना को बहुत बुरी लगती है और वो अपनी पाक कला के दम पर भी अपनी पहचान बनाकर, पैसे जमा कर अपनी बच्ची का दाखिला अच्छे स्कूल में कराने का प्लान करती है।




### स्पोर्टी वाइब

इस मौसम में स्पोर्ट्स वियर के नाम पर महिलाओं के पास चुनने के लिए बहुत कुछ है। बोहो चिक, सेलर स्टाइल, मिलिट्री पीस, अर्बन कूल और मज़ेदार लुक्स के साथ-साथ, प्रचंड गर्मी 2026 में महिलाओं के कपड़ों के कलेक्शन में ऐसे पीस भी शामिल हैं जिनमें स्पोर्टी वाइब है। ये स्पोर्ट्स से प्रेरित टच के साथ एक स्टाइलिश स्पोर्ट्सवियर लुक देते हैं। न्यूयॉर्क और लंदन से लेकर मिलान और पेरिस तक, कई डिज़ाइनरों ने रनवे शो में स्पोर्ट्सवियर से प्रेरित लुक्स पेश किए।



## वैक्सिंग के बाद रूखे हो जाते हैं हाथ-पैर तो इनका करें इस्तेमाल, मिलेगी ड्राईनेस से राहत



गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। ऐसे में लोगों की त्वचा में भी कई तरह के बदलाव होने लगते हैं। महिलाएं इस मौसम में अपनी त्वचा का खास ध्यान रखती हैं, लेकिन फिर भी कुछ न कुछ परेशानी सामने आती रहती है। खूबसूरत दिखने के लिए महिलाएं अपने शरीर से अनचाहे बालों को हटाती हैं। वैक्सिंग द्वारा बाल हटाने में काफी दर्द होता है, लेकिन इससे आपकी त्वचा के अनचाहे बाल पूरी तरह से साफ हो जाते हैं। कई बार ये देखा जाता है कि वैक्सिंग के बाद त्वचा काफी रूखी हो जाती है। ऐसे में आप कुछ चीजों का इस्तेमाल करके इस रूखेपन से राहत पा सकते हैं। इस लेख में हम आपको इन्हीं चीजों के बारे में बताएंगे, जिनके इस्तेमाल से आपकी त्वचा भी मुलायम हो जाएगी।

**घी:** त्वचा पर घी लगाने से स्किन की काफी परेशानी कम हो जाती हैं। अगर वैक्सिंग के बाद आपकी त्वचा में जलन हो रही है, और त्वचा रूखी हो गई है, तो भी आप घी का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपको तत्काल राहत मिलेगी।

**एलोवेरा:** एलोवेरा में मौजूद तत्व त्वचा को ठंडक पहुंचाने का काम करते हैं। ऐसे में वैक्सिंग के बाद आप अपनी त्वचा पर एलोवेरा लगा सकते हैं। इससे त्वचा काफी मुलायम हो जाती है।

**गुलाब जल और ग्लिसरीन :** इन दोनों चीजों को मिलाकर अगर आप त्वचा पर लगाएंगे, तो आपको स्किन के रूखेपन से राहत मिलेगी। ये त्वचा की कई अन्य परेशानियों को भी कम करने में मदद करता है।

**मलाई:** अगर आपके फ्रिज में मलाई रखी है, तो त्वचा को मुलायम बनाने के लिए आप मलाई का इस्तेमाल कर सकती हैं। मलाई के इस्तेमाल से आपकी स्किन बहुत ही ज्यादा सॉफ्ट हो जाती है और आप बार-बार रूखेपन से परेशान नहीं होंगे।

## सिंपल सलवार-सूट लुक को खास बनाने में मदद करेंगे पोंचें के डिजाइंस



सूट लुक को खास बनाने के लिए डिजाइन और पैटर्न को बॉडी टाइप के अनुसार ही स्टाइल करना चाहिए। इसके लिए आप लेटेस्ट फैशन ट्रेंड पर नजर डालें। रोजाना पहनने हो या किसी ओकेजन के लिए कम्फ़र्टेबल लुक को कैरी करना हो। इसके लिए सलवार-कमीज बेस्ट ऑप्शन होता है। आमतौर पर कमीज के डिजाइंस में आपको काफी तरह की वेरायटी देखने को मिल जाएगी, लेकिन क्या आप जानती हैं कि स्टाइलिश दिखने के लिए आप सलवार को भी कस्टमाइज कर सकती हैं। सलवार के लिए आप इसके पोंचो पर काफी तरह के डिजाइन बनवा सकती हैं। तो चलिए देखते हैं सलवार के पोंचें के लिए कुछ खास डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे आपने सलवार-कमीज लुक को स्टाइल करने के आसान टिप्स-



### पर्ल डिजाइन सलवार

पर्ल में आपको कई तरह के कलर ऑप्शन भी देखने को मिल जाएंगे। ज्यादातर इस तरह के मोती का इस्तेमाल पेस्टल कलर की सलवार में आप कर सकती हैं। इसके आलावा चाहे तो कट वर्क करके आप फैंसी लुक देने के लिए इस तरह से कई सारे पर्ल मोती को सलवार में लगवा सकती हैं। इसका पैकेट आपको 50 रुपये से भी कम में आसानी से मिल जाएगा।



### गोटा-पट्टी लेस डिजाइन सलवार

लेस वर्क को काफी तरह से कस्टमाइज करवाकर आप सूट की सलवार में लगवा सकती हैं। ज्यादातर इसका इस्तेमाल प्लेन फैब्रिक को थान से खरीदकर बनवाएं सूट को फैंसी लुक देने के लिए किया जाता है। इसमें आप चाहे तो आपस में मिलती-जुलती लेस का कॉम्बिनेशन बनवाकर पोंचे में लगा सकती हैं। इसमें आपको बारीक वाली किनारी लेस में काफी डिजाइन और कलर मिल जाएंगे।


### चिकनकारी डिजाइन सलवार

सलवार को क्लासी और फैंसी लुक देना चाहती हैं तो इस तरह से आप कढ़ाई वर्क का सहारा भी ले सकती हैं। कढ़ाई वर्क की बात करें तो गर्मी के मौसम में चिकनकारी कढ़ाई वर्क को काफी ज्यादा पसंद किया जाता है। कमीज के अलावा आप पोंचे में रफल बनवाकर ऊपर चिकनकारी डिजाइन वाली सलवार को चुन सकती हैं।

## सिंपल चूड़ियों की सेलिब्रिटी स्टाइल में करें सेटिंग, लोग करेंगे तारीफ

बाजार में आपको हर रंग की चूड़ियां मिल जाएंगी। अगर आपके आउटफिट में एक से अधिक रंग हैं तो सबसे अधिक नजर आने वाले रंगों की चूड़ियों को आप मिक्स-मैच करके पहन सकती हैं। मिक्स-मैच करने के लिए आप सिंपल और एक जैसे पैटर्न की चूड़ियां खरीदे और उन्हेंह बंच में एक हाथ में पहन लें। हाथों में अगर आप 2 रंग की चूड़ियां पहन रही हैं, तो आधा दर्जन एक रंग की और आधा दर्जन दूसरे रंग की चूड़ी पहनें। बाजार में आपको बहुत से पैटर्न की चूड़ियां मिल जाएंगी मगर इस तरह से अगर आप चूड़ियों की सेटिंग कर रही हैं तो आपको वेल्वेएट, थ्रेड वर्क या मेटल की चूड़ियां ही खरीदनी चाहिए।

हरे रंग की चूड़ियों का फैशन कभी भी पुराना नहीं होता है और आप इन्हेंक किसी भी ट्रेडिशनल आउटफिट और किसी भी रंग के साथ पहन सकती हैं। खासतौर पर किसी त्योहार या फिर शादी के फंक्शन में आप हरे रंग की चूड़ियों को स्टाइलिश अंदाज में पहनना चाहती हैं, तो आपको गोल्ड न मेटल या कांच की चूड़ियों के साथ उन्हें सेट करके पहनना




चाहिए। आप चाहें तो सोने की चूड़ियों के साथ भी हरे रंग की कांच की चूड़ियां पहन सकती हैं। कांच की चूड़ियों के साथ लाख के कड़े को भी आप सेट कर सकती हैं। अगर आपको मोती वर्क पसंद है तो बाजार से मोती वर्क वाले कड़े खरीद लें और हरे रंग की चूड़ियों के साथ पहनें। आप कुंदन वर्क वाले कड़ों या फिर चूड़ियों के साथ भी हरे रंग की चूड़ियां पहन सकती हैं। आजकल बाजार में राजस्थानी स्टाइल के बहुत सारे सुंदर-सुंदर कड़े आपको देखने को मिल जाएंगे। अगर आपको कड़ों के साथ चूड़ियों को पहनना पसंद है, तो आप एक ब्रॉड डिजाइन वाले कड़े के इर्द-गिर्द रंग-बिरंगी चूड़ियों को सेट कर सकती हैं।

## कलर्ड हेयर पर नहीं इस्तेमाल करने चाहिए ये इंग्रीडिएंट्स

कलर्ड हेयर आपके लुक को बेहद खास बनाते हैं। हालांकि, अगर आप अपने कलर्ड हेयर पर कुछ चीजों का इस्तेमाल करते हैं तो इससे कलर फेड हो सकता है या फिर उसे नुकसान हो सकता है।

हम सभी अपने लुक को समय-समय पर बदलना हते हैं और इसलिए अक्सर कुछ ना कुछ चेंज करते हैं। ऐसे में बालों को कलर करवाना बेहद ही आम है। बालों के कलर करवाने से आपका ओवर ऑल लुक चेंज हो जाता है। हालांकि, कलर्ड हेयर तभी अच्छे लगते हैं, जब इनकी सही तरह से केयर की जाए। कलर्ड हेयर पर किसी भी तरह के प्रोडक्ट या फिर होम रेमिडीज को अप्लाई करने से पहले अधिक ध्यान देने की जरूरत होती है। दरअसल, ऐसे कई चीजें होती हैं, जिन्हें अगर कलर्ड हेयर पर इस्तेमाल किया जाता है तो इससे ना केवल बाल डैमेज होते हैं, बल्कि उनका कलर भी फेड होने लगता है, जिससे आपका लुक खराब हो जाता है। जानते हैं, कुछ ऐसे ही इंग्रीडिएंट्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको अपने कलर्ड हेयर पर अप्लाई करने से बचना चाहिए-



### सिरका

अक्सर लोग बालों को रिंस करने के लिए या फिर स्कैल्प बिल्डअप को क्लीन करने के लिए सेब के सिरके का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन अगर आप इसे बार-बार अपने कलर्ड हेयर पर अप्लाई करते हैं तो इससे आपके बालों का रंग फीका पड़ सकता है। जिससे आपके बाल बेजान नजर आ सकते हैं।

### बेकिंग सोडा

अगर आपके कलर्ड हेयर हैं तो आपको बेकिंग सोडा का इस्तेमाल भी करने से बचना चाहिए। बेकिंग सोडा बहुत अधिक अल्कलाइन होता है और ऐसे में यह आपके कलर्ड हेयर को नुकसान पहुंचा सकता है। यह बालों का प्राकृतिक तेल और रंग छीन सकता है, जिससे वे अधिक रूखे, कमजोर व बेजान नजर आ सकते हैं।

### नींबू का रस

बालों की क्लीनिंग करने के लिए होम रेमिडीज के रूप में नींबू का रस इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन नींबू का रस एसिडिक होता है और इसलिए समय के साथ बालों का रंग हल्का कर सकता है।

कार्नर न्यूज

### आज मेंस फैशन में अहम हिस्सा है परफ्यूम, मौसम के अनुसार करें इस्तेमाल

## गर्मियों के मौसम में मेंस परफ्यूम खरीदते हुए रखें जरूरी बातों का ध्यान, खुशबू होगी आपके बस में

परफ्यूम हमारी पर्सनैलिटी को एक जबरदस्त बूस्ट देता है। ये आपको कॉन्फिडेंस देता है, कि तन की दुर्गंध पास आने वाले किसी शख्स को तंग नहीं करेगी। परफ्यूम की फ्रेग्रेंस न सिर्फ आपके स्टाइल स्टेटमेंट को दिखाता है, बल्कि आपकी अच्छी ग्रूमिंग की आदतों के बारे में भी संकेत देता है। लेकिन, ज्यादातर लोग परफ्यूम पसंद कैसे करते हैं?

कुछ तो टीवी पर ऐड देखकर वो वाला परफ्यूम खरीदते हैं, जिसे लगाने के बाद लड़कियां पीछे भागती हैं। भले ही उसकी फ्रेग्रेंस उन्हें खुद पसंद नहीं आई। आईए, जानते हैं कि गर्मियों के मौसम के लिए बेस्ट परफ्यूम कैसे खरीदा जाए।

### गर्मियों में कैसे परफ्यूम खरीदें?

गर्मियों के मौसम में बहुत तेज खुशबू वाले या गर्म मिजाज वाले परफ्यूम को लगाने से बचना चाहिए। जैसे, सर्दियों के मौसम के लिए हिना या मेहंदी की खुशबू वाले परफ्यूम बेस्ट हैं। लेकिन इनका इस्तेमाल गर्मियों के मौसम में नहीं करना चाहिए।

गर्मियों में हल्की और भीनी खुशबू



वाले परफ्यूम का प्रयोग करना चाहिए। इसकी फ्रेग्रेंस मन को शांत करे और रूमानी अहसास भी दे। अगर आप ऐसे परफ्यूम का चुनाव करते हैं, तभी परफ्यूम का पूरा आनंद ले सकेंगे।

### गर्मियों के मौसम के लिए बेस्ट परफ्यूम

गर्मियों में बेस्ट मेंस परफ्यूम के लिए हर किसी की अपनी च्वाइस हो सकती है। लेकिन फिर भी हम आपको 3 ऐसे प्रोडक्ट्स के बारे में बता रहे हैं, जो लो बजट में भी प्रीमियम फील पाने में हेल्प कर सकते हैं।

### विलेन हाइड्रा यू डे परफ्यूम फॉर मेन

विलेन हाइड्रा परफ्यूम (यू डे परफ्यूम) गर्मियों के मौसम के लिए बेस्ट परफ्यूम में से एक है। इस शानदार परफ्यूम के टॉप नोट्स में लेमन, मिंट, ग्रेपफ्रूट की खुशबू आती है। जबकि मिडिल नोट्स में जैस्मिन, जायफल और व्हाइट फ्लावर का फील आता है। जबकि बेस नोट्स में व्हाइट मस्क, सीडर और चंदन की सुगंध आती है। ये परफ्यूम आपको लंबे समय तक तरोताजा और फ्रेश फील पाने में मदद करेगा।

### विलेन द जोकर यू डे परफ्यूम फॉर मेन


विलेन द जोकर यू डे परफ्यूम फॉर मेन कॉलेज गोइंग स्टूडेंट्स के लिए बेस्ट च्वाइस हो सकता है। इस परफ्यूम को न सिर्फ इंडोर बल्कि आउटडोर के लिए भी बेस्ट माना जाता है। इस परफ्यूम के बेस नोट्स में अंबरवुड, पिचूली, ओकमॉस और खस के नोट्स मिलते हैं। जबकि, मिडिल नोट्स में हेजलनट, हनी, सीडर, कश्मीर वुड, जैस्मिन और सिट्रिस ब्लॉसम का प्रभाव दिखता है। टॉप नोट्स में प्लम और ग्रेपफ्रूट की भीनी सी खुशबू मिलती है, जो पूरा दिन साथ निभाती है।

### विलेन स्नेक यू डे परफ्यूम फॉर मेन

विलेन स्नेक यू डे परफ्यूम फॉर मेन कैजुअल आउटडोर या आउटिंग पर जाने के लिए बेस्ट है। इस परफ्यूम को फंकी और जंक लुक्स को पसंद करने वाले भी आजमा सकते हैं। इस शानदार परफ्यूम की खुशबू लंबे समय तक साथ निभाती है। ये परफ्यूम न सिर्फ आपको तरावट देता है, बल्कि आपके आसपास के माहौल को भी बेहतर बना सकता है। इस परफ्यूम की भीनी खुशबू आपको निश्चित रूप से पसंद आएगी।

### कैसे लगाएं परफ्यूम

परफ्यूम की जरुरत हर इंसान को होती है और इसीलिए रोज इसे लगाना भी चाहिए। लेकिन इससे पहले आपको ये जरूर पता होना चाहिए कि परफ्यूम लगाने का सही तरीका क्या है।



**खबर संक्षेप**

### ब्लॉक 5 कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी घोषित



**भिलाई।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के अनुमोदन और विधायक देवेंद्र यादव के मार्गदर्शन में ब्लॉक 5 की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। ब्लॉक अध्यक्ष दानेश्वरी साहू ने पदाधिकारी और सभी सदस्यों की सूची जारी की। घोषित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष 5, महामंत्री 6, संयुक्त मंत्री 9, कोषाध्यक्ष 1, प्रवक्ता 1, सोशल मीडिया प्रभारी 1, सचिव 15, कार्यकारिणी सदस्य 10 शामिल हैं। सूची में उपाध्यक्ष के रूप में राजश्री उपलपवार, अरुण अग्रवाल, एम एब्लू, मोहम्मद सैफ अहमद, चिराग खंडेलवाल, महामंत्री पद के लिए प्रदीप कुमार साइमन, केसय्या कोंट्रा, संजीव सेमुवल, सी अनिल, हितेश पथरी मोहम्मद फैजल खान आदि शामिल हैं। जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने नवनियुक्त पदाधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ब्लॉक 5 कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे।

### नो-पार्किंग के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने 87 का चालान काटा




**भिलाई।** सड़क के नोट पार्किंग स्थल पर वाहन खड़ा करने वाले चालको के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर कार्रवाई किया है। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने 87 चालको को ई चालान की कार्रवाई की गई। अभियान के तहत राजेन्द्र प्रसाद चौक से ग्रीन चौक एवं इंदिरा मार्केट क्षेत्र, मालवीय नगर चौक से आयुक्त कार्यालय के सामने तक, कुम्हारी से गुरुद्वारा चौक मार्ग तथा ब्रिज के नीचे अवैध रूप से खड़े वाहनों पर विशेष निगरानी रखकर चालानी की गई। वर्ष 2026 में अब तक कुल 2171 वाहनों पर नो-पार्किंग उल्लंघन के प्रकरणों में कार्रवाई हो चुकी है।

# मंडी बोर्ड उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा देने नहीं पहुंचे 15 हजार अभ्यर्थी

**दुर्ग जिले के 123 परीक्षा केंद्रों में 23 हजार 864 अभ्यर्थी हुए शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड के अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2026 का आयोजन रविवार को किया गया। दुर्ग जिले के 123 परीक्षा केंद्रों में आयोजित इस परीक्षा में 15073 अभ्यर्थी शामिल नहीं हुए। इस परीक्षा में कुल 38,937 अभ्यर्थियों को शामिल होना था। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक चली। परीक्षा दिवस पर अभ्यर्थियों को कम से कम 2 घंटे पूर्व पहुंचना अनिवार्य है था ताकि उनके फोटो युक्त मूल पहचान पत्र का सत्यापन और सुरक्षा जांच की जा सके। लेकिन कई अभ्यर्थी देरी से पहुंचे जिसकी वजह से उन्हे लौटना भी पड़ा। परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार निर्धारित समय सुबह 9.30 बजे बंद कर दिया गया।

### इन परीक्षा केंद्रों में पहुंचे ज्यादा परीक्षार्थी

मंडी बोर्ड उपनिरीक्षक पद की भर्ती के लिए परीक्षा केंद्रों में अभ्यर्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई है। जिसमें भारती कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चरल परीक्षा केंद्र में 222, स्वामी आत्मांनद इंग्लिश मीडियम स्कूल सेक्टर 6 में 239,दानवीर तुलाराम कॉलेज में 230, भिलाई तीन शासकीय कॉलेज में 232, साइंस कॉलेज में 232, शासकीय गर्ल्स कॉलेज दुर्ग में 219, उदय प्रसाद पॉलिटैकनीक कॉलेज में 226,बीआईटी कॉलेज दुर्ग में225, कल्याण कॉलेज में 233, रतनचंद सुराना कॉलेज में 230, आर्दश कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला दुर्ग में 246, स्वामी आत्मानंद स्कूल दीपक नगर में 231, खालसा पब्लिक स्कूल में 238 अभ्यर्थी शामिल हुए।




### परीक्षा केंद्रों की सघन मानिटरिंग

परीक्षा के समन्वयक साइंस कॉलेज दुर्ग के प्राचार्य डॉ. अजय सिंह व सहायक समन्वयक डॉ. अभिनेष सुराना ने बताया कि परीक्षा के दौरान अनुशासन और शुचिता बनाए रखने के लिए परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े और फुटवियर के रूप में चप्पल पहनकर अभ्यर्थियों को बुलाया गया था। परीक्षा कक्ष में मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, बेल्ट, टोपी या स्कार्फ जैसे किसी भी उपकरण या सामग्री को ले जाना प्रतिबंधित किया गया था। अभ्यर्थियों को केवल काले या नीले बॉल पॉइंट पेन साथ लाने की अनुमति दी गई थी।

**समस्या : इंटक प्रतिनिधि मंडल ने सीजीएम से की चर्चा, मिला आश्वासन**

# बीएसपी में नई पेयजल पाइप लाइन, रेस्ट रूम के साथ वाटर कूलर और एसी लगाने की मांग

**जर्जर सड़कों के भी जल्द मरम्मत करवाने पर जोर, आवाजाही में परेशानी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

स्टील इम्प्लाइज यूनियन इंटक ने भिलाई इस्पात संयंत्र के अंदर सालों पुरानी हो चुकी पाइप लाइन को बदलने और वाटर कूलर दुरुस्त किए जाने सहित कर्मियों मूलभूत सुविधाओं को अपडेट किए जाने की मांग की है। भीषण गर्मी में कर्मियों की परेशानी से अवगत कराते हुए जल्द सभी समस्याओं के निदान की मांग की है। इंटक के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य महाप्रबंधक ( उपयोगिता) जेपी सिंह से मिलकर बताया कि संयंत्र के क्षेत्र में पेयजल की पुरानी होने से कर्मचारियों को गर्मी में परेशानी हो रही है। पाइप लाइन मरम्मत के कर्मियों को स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था के साथ सभी विभागों में ठंडे पानी के लिए एयर कंडीशन और वाटर कूलर की व्यवस्था जल्द किए जाने की जरुरत है। यूनियन के महासचिव संजय कुमार साहू ने पेयजल सहित व्यवस्था सहित बेहतर एवं साफ-सुथरे रेस्ट रूम, संयंत्र के अंतर्गत सभी विभागों के आंतरिक सड़कों के संधारण एवं निर्माण आदि मुद्दों से अवगत कराया। सीजीएम ने आश्वस्त किया कि संयंत्र के भीतर पेयजल पाइपलाइन के नवीनीकरण का कार्य प्रगति पर है और सभी क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।



### सड़कों का संधारण व रेस्ट रूम सुधारें

प्रतिनिधि मंडल ने संयंत्र के अंदर जर्जर सड़कों कर्मियों व गाड़ियों के आने जाने में दिक्कतों से अवगत कराया। जल्द सभी सड़कों की मरम्मत करवाने और विभिन्न विभागों में रेस्टरुमों को दुरुस्त कर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। सीजीएम ने बताया कि संयंत्र के 86 रेस्ट रूम में संधारण कार्य चल रहा है तथा कई विभागों में आधुनिक मॉडल रेस्ट रूम विकसित किए जा रहे हैं।कई विभागों में वाटर कूलर की व्यवस्था की जा चुकी है तथा आवश्यकता अनुसार नए वाटर कूलर लगाए जाएंगे। एयर कंडीशनिंग व्यवस्था की मरम्मत एवं नए उपकरणों की स्थापना का कार्य भी किया जा रहा है। इसके साथ ही संयंत्र के आंतरिक सड़कों के संधारण एवं नए मार्गों के निर्माण का कार्य भी जारी है। अन्य समस्याओं के जल्द निदान का आश्वासन दिया।बैठक में पूरन वर्मा, गिरिराज देशमुख, विश्वनाथ साहू, श्याम बहादुर सिंह, मलय बनर्जी, सरोज राठौर एवं शैलेंद्रकांत सक्सेना उपस्थित रहे।

### छुट्टी के दिन टीम वर्क से पाइप लाइन की मरम्मत



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के पंपहाउस 4 से पेय जलापूर्ति होने वाले क्षेत्र में कार्यरत कर्मियों ने आज राहत की सांस ली। बीएसपी की विभागीय टीम रविवार को दिनभर संधारण कार्य में जुटी रही और संयंत्र के बाहर पाइप लाइन में हुए लीकेज को बंद कर दिया गया है। पाइप लाइन के रिपेयर के बाद जलापूर्ति सुचारु हो गई है। अवकाश के दिन भी टीम वर्क के चलते रिपेयर वर्क जल्द हो गया। शनिवार को जेपी चौक के निकट पुरानी मेन पाइप लाइन में लिकेज के साथ वाल्व खराब हो गया था। यहां से भिलाई इस्पात संयंत्र के अंदर पंपहाउस 4 क्षेत्र में पेयजल की सप्लाई होती है। लीकेज होने से भीषण गर्मी में कर्मियों को पानी की किल्लत से दिक्कत हो रही थी। इसकी जानकारी मिलने पर सीजीएम ने वाटर सप्लाई विभाग के अधिकारियों रविवार को मरम्मत कार्य संपन्न कर लेने निर्देशित किया था, ताकि कर्मियों को आगे दिक्कत न हो।

## आयुक्त ने किया नवनिर्मित चार एसएलआरएम सेंटरों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने जोन-4 खुर्सीपार अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में निर्मित 4 नए एसएलआरएम सेंटरों का औचक निरीक्षण किया। शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आयुक्त ने इन केंद्रों को अविलंब शुरू करने के कड़े निर्देश दिए हैं।

■ खुर्सीपार जोन-4 के केंद्रों को जल्द शुरू करने के दिए निर्देश

आयुक्त ने खुर्सीपार और छावनी क्षेत्र के अंतर्गत 4 नवनिर्मित केंद्रों का बारीकी से अवलोकन किए। जिसमें छावनी अंतर्गत पानी टंकी के समीप निर्मित सेंटर, ट्रांसपोर्ट नगर बीरा चौक समीप नवनिर्मित एसएलआरएम सेंटर, स्टेडियम के समीप स्थित सेंटर एवं कैनाल रोड किनारे स्थित नवनिर्मित सेंटर हैं। मूलभूत व्यवस्थाओं पर विशेष जोर देने कहा गया है। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने प्रत्येक सेंटर में स्वच्छता दीदियों और कर्मचारियों के लिए आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता जांची। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि केंद्रों पर प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण की जाएं जैसे कि कार्य के दौरान पर्याप्त लाइटिंग, पंखा, शुद्ध पेयजल की सुचारू उपलब्धता के साथ सुव्यवस्थित शौचालय एवं अन्य अनिवार्य सुविधाओ का अवलोकन किए। सभी सेंटरों में ब्यूटीफिकेशन एवं हरियाली को प्राथमिकता देने कहा गया है जिससे वातावरण अनुकूल रहे। आयुक्त ने नवनिर्मित भवनों के साथ-साथ पूर्व से संचालित सेंटरों का भी बारीकी से निरीक्षण किया और कचरा संग्रहण व पृथक्करण की प्रक्रिया को और बेहतर बनाने के सुझाव दिए। दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम खुर्सीपार के समीप बने सामुदायिक शौचालय का भी जायजा लिया। यहां सफाई सुव्यस्थित पाया गया।

## लोगों ने विधायक देवेंद्र को बताई वार्ड की समस्याएं




हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने सेक्टर-5 स्थित कार्यालय में लोगों से भेंट-मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान खुर्सीपार, छावनी, नंदिनी रोड, हुडको, सेक्टर-7 और 8 के रहवासियों ने अपनी विभिन्न मांगों और समस्याओं से अवगत कराया।

इस दौरान आत्मानंद स्कूल में अधिक से अधिक बच्चों के प्रवेश के लिए सेक्शन बढ़ाने की मांग की गई। प्रतिष्ठित निजी स्कूलों में टाउनशिप के स्टाफ क्वार्टर में रहने वाले परिवार के बच्चों को आरटीई के तहत प्रवेश के लिए अपात्र बताये जाने,पेयजल संकट और अन्य स्थानीय समस्याओं के संबंध में विधायक को अवगत कराया। विधायक यादव ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का निराकरण उनकी प्राथमिकता है। वाटर एटीएम को लेकर उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र के विकास और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए त्वरित और प्रभावी कार्यवाही करेंगे। वहीं हुडको ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष दानेश्वरी साहू और उनकी कार्यकारिणी सदस्यों ने मुलाकात कर कमेटी की आगामी कार्यक्रम की जानकारी दी।

## तंबूरा से तीजन का है अटूट रिश्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



अपने मोहक पंडवानी गायन से देश दुनिया को सम्मोहित करने वालीं प्रसिद्ध पंडवानी गायिका तीजन बाई पिछले दो साल से अस्वस्थ चल रही हैं। इसके बाद भी जीवन के प्रति आस्था और पंडवानी के लिए उनका समर्पण प्रेरक और अनुकरणीय है। रविवार को अपने गृहग्राम गनियारी पहुंचे लोक कलाकारों से पंडवानी गुरु तीजन ने पंडवानी से अपना अटूट रिश्ता बताया। उन्होंने तंबूरा की ओर संकेत कर पंडवानी गुनगुनाने की कोशिश करते हुए परिजनों से अपने संघर्ष को याद दिलाने कहा। कलाकारों ने दीर्घ कला साधना को साझा करते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की दो साल पूर्व अचानक अपने बेटे की हार्ट अटैक से मृत्यु के बाद पैरालालाइज अटैक आने से पद्मविभूषण तीजन बाई बेड पर हैं। लेकिन कला साधना की तरह उनकी इच्छाशक्ति पूरे कला जगह के लिए प्रेकर बनी हुई है। परिवार की सतत देखभाल और डाक्टरों की स्वास्थगत निगरानी के चलते उनका स्वास्थ्य स्थिर और खानपान पहले की तरह है। उन्हें हल्के व सुपाज्य भोजन के साथ फल और प्रोटीनयुक्त आहार अधिक दिया जा रहा है। हवाखोरी के लिए व्हीलचेयर पर बरामदे में भी कुछ देर टहलाया जाता है। याददाश्त कमजोर होने के बाद भी परिजनों से बुदबुदाकर बात करने की कोशिश के साथ बीच बीच में अपनी हौसलाआफजायी के लिए हंसी ठिठोली में भी शामिल होती है। उनका भले ही बीमारी के कारण पंडवानी गायन थम गया है लेकिन अपनी कला के प्रति अटूटलगाव अभी भी लोगों के लिए भावविभोर कर देने वाला है। तीजन बाई से आज मिलने पहुंचे कलाकारों ने जब छग लोक कला महोत्सवों व अन्य पंडवानी कार्यक्रमों का जिक्र करते हुए याद दिलया तो उन्होंने दीवार पर टंगे तंबूरा की ओर संकेत करते हुए पंडवानी से जीवन मरण का रिश्ता बताया। सभी ने उनके जल्द स्वस्थ होनेव दीर्घायु होने की कामना की। तीजन बाई के की बहू रेणु देशमुख ने बताया कि दादी का खानपान ठीक है गर्मी में फल अधिक दे रहे हैं। डांक्टर भी घर पर आते रहते हैं।

■ लोककलाकारों ने साझा किए अनुभव व की जल्द स्वस्थ और दीर्घायु होने की कामना

## नागरिक अधिकार और सुरक्षा पर दी जानकारी, कम्युनिटी पुलिसिंग पर जोर

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा संचालित जन मित्र योजना अभियान के तहत थाना भिलाई नगर द्वारा हॉस्पिटल सेक्टर भिलाई में एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता को भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में भिलाई नगर के सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने नागरिक अधिकारों की महत्ता, सामाजिक सुरक्षा को मजबूत बनाने के उपायों और कानून व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने महिला सुरक्षा, बाल यौन शोषण, सुरक्षित यातायात और साइबर क्राइम जैसे विषयों पर कानूनी मदद और अपराध की रोकथाम के तरीकों को भी समझाया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया गया। कम्युनिटी पुलिसिंग के माध्यम से अपराध नियंत्रण और सामाजिक सुरक्षा को अधिक प्रभावी बनाने की बात कही गई। नगर पालिका निगम भिलाई के प्रभारी मेयर इन कौंसिल सीजू एंथोनी ने कहा कि जिस तरह सेना देश की सीमाओं की रक्षा करती है, उसी तरह पुलिस समाज की सुरक्षा सुनिश्चित करती है।

## प्रदेश भाजपा कार्यालय में शर्मा का स्वागत...



**भिलाई।** मध्यप्रदेश के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा का छत्तीसगढ़ पहुंचे। प्रदेश भाजपा कार्यालय, कुशाभाऊ ठाकरे परिसर रायपुर में उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह, हरिभूमि के मुख्य संपादक हिमांशु द्विवेदी, प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, प्रदेश मंत्री अमित साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री उपकार चंद्राकर, नवीन पवार, शंभू गुप्ता, भिलाई पार्षद दया सिंह शामिल थे।

**भाजपा पार्षदों का आरोप, महापौर के बयानबाजी के बाद निगम की राजनीति तेज**

# आयुक्त और महापौर आपसी सांठगांठ से कर रहे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई नगर निगम के महापौर नीरज पाल द्वारा आयुक्त राजीव पाण्डेय को भिलाई का आयुक्त मानने से इंकार करने का मामला तूल पकड़ने लगा है। इस बयान को बीजेपी पार्षदों ने आड़े हाथों लिया है। बीजेपी के वरिष्ठ पार्षद पीयुष मिश्रा ने तो यहां तक आरोप लगाया है कि आयुक्त राजीव पाण्डेय और महापौर नीरज पाल आपसी सांठगांठ करके काम कर रहे हैं। इससे निगम के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इससे पारदर्शिता और जनहित दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

पार्षद पीयूष मिश्रा ने नगर निगम भिलाई के महापौर और निगम आयुक्त की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि दिनांक 25 मार्च 2026 को भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों ने निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय के खिलाफ उन्हें पद से हटाने का प्रस्ताव लाया था। इसे नगर निगम के सभी पार्षदों ने सर्वसम्मति से पारित किया।

उन्होंने कहा कि प्रस्ताव पारित होने के पश्चात आयुक्त को तत्काल प्रभाव से पदमुक्त हो जाना चाहिए था तथा इसके बाद उन्हें निगम के नीतिगत एवं प्रशासनिक कार्यों में किसी भी प्रकार की नोटशीट संचालित करने का अधिकार नहीं है। इसके बावजूद उनके द्वारा कार्य करना नियम विरुद्ध एवं पूर्णतः अवैधानिक है। सामान्य सभा के दो दिन पहले नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा की उपस्थिति में भाजपा पार्षद दल की बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें सभी पार्षदों ने महापौर एवं आयुक्त की कार्यशैली के प्रति गहरा असंतोष व्यक्त किया था। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सामान्य सभा में जनविरोधी एवं नियम विरुद्ध विषयों पर कड़ा विरोध दर्ज कराया जाएगा। सामान्य सभा के दौरान कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर आयुक्त द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया तथा सदन को गुमराह करने का प्रयास किया गया। इस पर भाजपा पार्षदों की सहमति से निगम अधिनियम की धारा 54(2) के अंतर्गत आयुक्त को हटाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। प्रस्ताव पारित होने के बाद आयुक्त ने पार्षदों के साथ दुर्व्यवहार किया और असंसदीय भाषा का प्रयोग किया गया, जिस पर सभी पार्षदों ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई थी।

### वित्तीय भुगतान की जांच की मांग

पीयुष मिश्रा ने कहा कि जल्द ही राज्य शासन को औपचारिक पत्र लिखकर यह मांग की जाएगी कि 25 मार्च 2026 की सामान्य सभा के संकल्प के पश्चात आयुक्त द्वारा किए गए सभी वित्तीय भुगतान और प्रशासनिक निर्णयों की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा नियम विरुद्ध पाए जाने पर संबंधित राशि की वसूली (रिकवरी) आयुक्त से की जाए। साथ ही आयुक्त के रूप में लिए गए सभी निर्णयों को निरस्त कर उनके विरुद्ध कड़ी विभागीय एवं विधिक कार्रवाई की जाए।

### महापौर ने राजीव पांडेय को भिलाई आयुक्त मानने से किया था इंकार

भिलाई नगर निगम के महापौर नीरज पाल ने मीडिया में बयान जारी कर भिलाई निगम आयुक्त राजीव पांडेय को भिलाई का निगम आयुक्त मानने से इंकार कर दिया है। उन्होने कहा कि राजीव पांडेय को सामान्य सभा में अविश्वास प्रस्ताव लाकर पूर्ण बहुमत के साथ हटाने का प्रस्ताव पारित किया गया है। इसके बाद से वो तब तक निगम आयुक्त नहीं हैं जबतक कि राज्य शासन उन्हें दोबारा फिर से इस पद पर नियुक्ति का आदेश जारी नहीं करती। राजीव पांडेय मनमाने तरीके से निगम के संविधान को दरकिनार करते हुए न सिर्फ आयुक्त की कुर्सी पर बैठे हैं बल्कि वित्त से जुड़े चेक काटने जैसे कार्य भी कर रहे हैं। महापौर ने यह भी कहा कि वह इसकी शिकायत कलेक्टर दुर्ग अभिजीत सिंह और राज्य शासन से करेंगे।

